


सत्यनिष्ठा का संकल्प लें:

# आचार संहिता

## Air Products और इसकी कंपनियों के कर्मचारियों के लिए

नैतिक व्यवसाय आचरण के लिए
Air Products की अपेक्षाओं पर
मार्गदर्शिका

## सामग्री तालिका

# सत्यनिष्ठा:

यह नैतिकता की दृष्टि से व्यवहार करना और हमारे वचनों के प्रति सत्य बने रहना है.


| | |
|---|---|
| हमा रे CEO का संदेषरू सत्यनिश्ठा का संकल्प | 3 |
| अवलोकन | 4 |
| सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करने के बारे में हमारे Chief Compliance Officer की ओर से एक लेख | 5 |
| कंपनी अनुपालन | 6 |
| प्रश्नों को पूछने, मुद्दों को व्यक्त करने या किसी रिपोर्ट को फाइल करने का तरीका. | 6 |
| आचार संहिता प्रमाणीकरण आवश्यकताएँ | 7 |
| निष्पक्षता और गैर–प्रतिकार | 7 |
| कार्य वातावरण और रोजगार | 8 |
| निरंतरता, वातावरण, स्वास्थ्य, रक्षा और सुरक्षा | 10 |
| कंपनी संपत्तियाँ और जानकारी प्रबंधित करना | 12 |
| परस्पर विरोधी व्यक्तिगत हित | 16 |
| लोगों के साथ सहभागिता करना | 18 |
| हमारे उद्योगों के बीच सहभागिता करना | 21 |
| अंतर्राष्ट्रीय कानून | 23 |
| वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग सटीकता | 26 |
| बोर्ड के उत्तरदायित्व और अधित्याग | 27 |


भाषा की सरलता के लिए, आचार संहिता "कर्मचारियों" या "कर्मचारी" को या सामूहिक कार्यबल को "हम" के रूप में संबोधित करती है या कर्मचारियों को "आप" के रूप में संबोधित करती है. "नियमित कर्मचारियों" के अतिरिक्त अन्य समूहों से Air Products के साथ उनके संबंधों के पहले या उसके दौरान कभी–कभी कुछ या सभी आचार संहिता और संबंधित नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों और प्रक्रियाओं को पढ़ने/और या अनुपालन करने के लिए कहा जा सकता है. गैर–नियमित कर्मचारी समूहों के द्वारा इस चरण को पूर्ण करना, यदि व्यापार संबंधों के दौरान अनुरोध किया जाता है तो Air Products के द्वारा कर्मचारी के पद, रोजगार, या किसी भी नियोक्ता दायित्व को नहीं दर्शाता है. संपूर्ण संहिता में "Air Products" शब्द का प्रयोग Air Products और उसकी कंपनियों को संदर्भित करने के लिए किया जाएगा.

# हमारे CEO का संदेष:
# सत्यनिश्ठा का संकल्प



Seifi Ghasemi
Chairman, President and
Chief Executive Officer

हमारी सत्यनिष्ठा अमूल्य संपत्ति है. यह कुछ ऐसी है, जो उच्चतम गौरव के साथ बनी हुई है और हमें इसे बनाए रखना होगा.

हम किसी भी कारण अपनी सत्यनिष्ठा का परित्याग नहीं करेंगे, न तो लाभ के लिए और न ही व्यवसाय को सरल बनाने के लिए. इसके बारे में कोई प्रश्न नहीं होना चाहिए—इसके कोई अपवाद नहीं हैं. इसका अर्थ यह नहीं है कि जोखिम की पृष्ठभूमि में मौजूद निर्णय और अनुपालन हमेशा बिल्कुल स्पष्ट होते हैं – विशेष रूप से सतत रूप से परिवर्तनीय हमारे व्यावसायिक परिवेश में समस्याएं कभी-कभी जटिल होती हैं. इसीलिए हमारा "सत्यनिष्ठा के लिए समर्पित हों" कार्यक्रम व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है.

इस कार्यक्रम में हमारी आचार संहिता के दस्तावेज़, संबंधित नीतियां, मानक और दिशानिर्देश एवं सतत सीखने के अवसर और संचार शामिल हैं. कंपनी की अपेक्षाओं को समझना और हमारे कार्य पर लागू होने वाला प्रशिक्षण लेना हम में से प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है. उन नैतिक व्यावसायिक मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है जिनपर हमारी कॉरपोरेट और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा निर्भर है. इसका अर्थ है कि जब हम समस्याओं और चुनौतियों से अवगत होते हैं, तो गलत कार्यों की रिपोर्ट करना या समस्याओं को अभिव्यक्त करना. हमारी कई IntegrityLine रिपोर्टिंग, IntegrityOnline वेबसाइट, और हमारे संगठन की संपर्क सूची ऐसे कदम उठाने के लिए आवश्यक उपकरण है, जब किसी नेतृत्व के पास जाना सुविधाजनक या व्यावहारिक न हो.

मैं हमारी सफलता की कुंजी के रूप में जिन गुणों का समर्थन करता हूं उनमें से एक है- आत्म-विश्वास. वे पुरुष और महिलाएं जो अपनी व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा और कंपनी की सत्यनिष्ठा का सम्मान करते हैं, सबसे सशक्त और मूलभूत आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हैं. हम हर बार बिना किसी चूक के वही करेंगे, जो सही है और गलती होने पर हम में उसे सुधारने का साहस होगा.

वे व्यक्ति जो हमारी सत्यनिष्ठा को बनाए रखने के लिए पहल करते हैं, कभी भी बदले या प्रतिशोध का सामना नहीं करेंगे. यदि आप उल्लंघनों की सद्भावपूर्वक रिपोर्ट करते हैं या चिंताओं की सूचना देते हैं, तो कंपनी आपका सम्मान करेगी और आपकी सुरक्षा करेगी.

सत्यनिष्ठा का मूल्य हमारी व्यावसायिक परंपरा में इतना है कि इसके बारे में सतत अभिव्यक्ति करने की आवश्यकता न होने पर भी यह दिख जाता है. हां ऐसा ही है, बस इसे सतत व्यवहार में लाना ही आवश्यक है. आपके दैनिक कार्यों की कई मांगों के बावजूद सत्यनिष्ठा को आपके विचारों में अग्रणी स्थान देने के लिए आपका धन्यवाद. मुझे पता है कि आप सर्वोत्तम Air Products बनाने के लिए समर्पित हैं और आपके प्रयासों के द्वारा, दृढ़ सत्यनिष्ठा के लिए Air Products की प्रतिष्ठा बनी रहेगी, चाहे हम कहीं भी व्यवसाय करें.



# अवलोकन

यह आवश्यक है कि हम अपनी सभी व्यापारिक क्रियाकलापों के दौरान सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाएँ रखें. इसका मतलब है कि हर उस देश में जहाँ हम कार्य करते है, Air Products की नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों और प्रक्रियाओं के साथ–साथ वहाँ के कानूनों का भी पालन करना. इसका यह भी मतलब है कि निष्पक्ष और ईमानदार बने रहना—"सही" कार्य करना. लेकिन "सही" क्या है यह हमेशा तुरंत ही स्पष्ट नहीं होता है.

### कंपनी की अपेक्षाएँ

यह कर्मचारी आचार संहिता Air Products के कर्मचारियों के नैतिक व्यवहार के लिए Air Products की अपेक्षाओं का वर्णन करती है. कंपनी नीतियाँ, मानक, दिशा–निर्देश और प्रक्रियाएँ, Air Products कार्यबल के सदस्य के रूप में कैसे कार्य किया जाना चाहिए इसके बारे में अधिक विवरण प्रदान करती हैं. आपको आचार संहिता और आपके पद और भूमिका पर लागू होने वाले संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा करनी चाहिए और जब भी जानकारी अस्पष्ट हो तब अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक से प्रश्न पूछना चाहिए.

यदि आप किसी ऐसी स्थिति का सामना करते हैं जहाँकृया तो आपके लिए या जिन लोगों के साथ आप सहयोग कर रहे हैं उनके लिए क्या "सही" है स्पष्ट नहीं है—तो आपको मार्गदर्शन लेना चाहिए. अधिक जानकारी हासिल करने हेतु आपकी मदद करने के लिए यहाँ स्रोतों का वर्णन किया गया है. प्रश्न पूछें, मुद्दों को व्यक्त करें या आपके प्रबंधक या पर्यवेक्षक या हमारे नैतिक और अनुपालन विषय मामलों के विशेषज्ञों और संपर्कों के द्वारा फॉलो–अप के लिए संदिग्ध संहिता उल्लंघनों की सूचना दें. कर्मचारियों के रूप में, नैतिक व्यवहार के लिए, हम सभी जिम्मेदार हैं. उल्लंघनों या संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देने की भी हमसे उम्मीद की जाती है. Air Products वचन देता है कि साफ नीयत वाले ऐसे व्यक्ति जो सद्‌भाव में आचार संहिता के उल्लंघनों या संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देते हैं, उनके विरूद्ध किसी भी तरह से बदले की कार्रवाई नहीं की जाएगी. नैतिकतापूर्ण व्यापार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए हम सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए.

### आवश्यकताएँ

एक कंपनी के रूप में, हमें अपनी सत्यनिष्ठा को बनाएँ रखने और ईमानदारी से व्यापारिक लेनदेन के लिए हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी चाहिए. चूंकि Air Products एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जिसके कारण कर्मचारी कई विभिन्न कानूनों, अधिनियमों, नीतियों और औपचारिक या अनौपचारिक व्यापार प्रथाओं का सामना करेंगे. उन सभी भौगोलिक क्षेत्रों में जहाँ हम व्यापार करते हैं, वहाँ के सभी कानूनों और Air Products की नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों, और प्रक्रियाओं का अनुपालन करना आवश्यक है. जहाँ आप कानूनी आवश्यकताओं या कंपनी की नीतियों के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं या यदि वे विरोधाभासी लगे तो मार्ददर्शन हेतु आपको अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक या विधि समूह या मुख्य जोंखिम कार्यालय से परामर्श करना चाहिए.

वे कर्मचारी जो आचार संहिता का अनुपालन नहीं करते हैं वे रोजगार की समाप्ति और/या आपराधिक अभियोग के अधीन हो सकते हैं और कुछ मामलों में उन पर कंपनी द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा सकती है. अनुमति स्थानीय कानून के अनुसार कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लंघनों का पता लगाने में विफलता के लिए प्रबंधक और पर्यवेक्षक अनुशासनात्मक कार्रवाई और/या व्यक्तिगत देयता के अधीन हो सकते हैं. इसका मतलब यह है कि प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों को उनके प्रबंधन के अंतर्गत कर्मचारियों के द्वारा किए जाने वाले दूर्व्यवहार की सूचना देनी चाहिए. आपकी भूमिका के लिए आचार संहिता या नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों और प्रक्रियाओं के साथ परिचित नहीं होने भर से किसी उल्लंघन की माफी नहीं मिलती है. इस महत्वपूर्ण जानकारी को समझने के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं.

यदि आप किसी ऐसी भूमिका में हैं जिसके लिए आपको संयुक्त उद्यमों, एजेंटों, वितरकों, या सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत करने की आवश्यकता है, तो उनकी आचार संहिता की आवश्यकताओं से आप अवगत हो सकते हैं. हमें Air Products की आचार संहिता, नीतियों, प्रथाओं और दिशा–निर्देशों का भी आवश्यक रूप से पालन करना चाहिए, विशेष रूप से जब वे अधिक सख्त हों.

## सत्यनिश्ठा के साथ व्यवहार करने के बारे में हमारे Chief Compliance Officer की ओर से एक लेख

कर्मचारियों के रूप में, हमारा यह कर्तव्य है कि हम Air Products की सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार के उच्च मानकों को सुदृढ़ बनाएँ. Air Products के कर्मचारी ईमानदारी और निष्पक्षता की कद्र करते हैं. हमारे सहकर्मी सर्वेक्षणों, परिचर्चा मंचों में और वास्तविक प्रतिक्रिया के माध्यम से व्यावसायिक नैतिकता पर बार–बार जोर देते रहते हैं. हमारे कार्य और भी उच्च–स्वर से मुखरित हैं. हमने सत्यनिष्ठा की एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है. इसे संरक्षित रखने के लिए हम सभी कार्य करें, कंपनी इसी की अपेक्षा रखती है.

हम ऐसा उल्लंघनों या संदेहास्पद की सूचना देकर और सबसे महत्वपूर्ण हमारे दैनिक कार्यों में आचार संहिता और सभी संबंधित नीतियों, मानको और दिशा–निर्देशों को समझने के द्वारा करते हैं. ऐसी कंपनी के लिए कार्य करना हमारा सौभाग्य है, जहाँ सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्धता एक मुख्य कॉर्पोरेट मूल्य है और इसके साथ ही हमारे कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से भी महत्वपूर्ण है.

लेकिन एक ऐसी संस्कृति में भी जहाँ सत्यनिष्ठा हमारे ब्रांड की प्रमुखता है, ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं जहाँ सही रास्ता हमेशा स्पष्ट नहीं होता है. आपकी मदद के लिए यहाँ आपके पर्यवेक्षक, प्रबंधक या कंपनी में अन्य कोई नेतृत्व सहित कई संसाधन हैं. जब ऐसा संभव या व्यावहारिक न हो, तो कर्मचारी हमारे तृतीय–पक्ष विक्रेता के द्वारा व्यवस्थापित की गई IntegrityLine फोनऔर वेब सबमिशन प्रक्रिया का उपयोग कर सकते हैं या हमारे विषय विशेषज्ञों की आंतरिक संपर्क सूची को देख सकते हैं.

यह प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह आचार संहिता का अनुपालन करे. प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों पर एक ऐसे काम का माहौल जो कि खुलेपन और ईमानदारी को प्रोत्साहित करता है और बढ़ावा देता है, को बनाने और उसके रखरखाव का एक अतिरिक्त दायित्व होता है. कर्मचारियों को समझौता करने की परिस्थितियों में सहायता मांगने के लिए आचार संहिता में उल्लिखित संसाधनों में से किसी एक का उपयोग करके सुविधाजनक महसूस करना चाहिए. नेतृत्व का मतलब होता है कि अपने गैर–प्रतिकार के वचन को बनाए रखने सहित उन लोगों को पूर्ण समर्थन देना जो हमारी सत्यनिष्ठा को बनाए रखते हैं.

हमारी सतत सफलता के लिए हम सत्यनिष्ठा को एक आवश्यकता के रूप में देखते हैं. कर्मचारी चाहे किसी भी भौगोलिक क्षेत्र, किसी भी भूमिका में हों, उन्हे इस विषय पर Air Products नेतृत्व से संपर्क करने में संकोच नहीं करना चाहिए.

**सूचना देना**

Air Products कर्मचारियों से दूर्व्यवहार या नैतिकता के उल्लंघन की सूचना देने की अपेक्षा करता है. आपकी मदद करने के लिए कई उपकरण और संसाधन हैं. यदि आपके कोई प्रश्न या शंकाएँ हैं या आपको किसी संहिता के उल्लंघन की सूचना देने की आवश्यकता हो तो सबसे पहले अपने पर्यवेक्षक या प्रबंधक से बात करें. यदि आप अपने प्रबंधक से बोलने में असहज हों या अगर आपने ऐसा किया है और उसके उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप कंपनी की वेबसाइट पर सूचीबद्ध संपर्कों में से किसी से भी मदद मांग सकते हैं: www.airproducts.com/codeofconduct.

किसी भी समय आप विधि समूह, मुख्य जोखिम अधिकारी, कॉर्पोरेट लेखा परीक्षा या कंपनी के अधिकारियों में से किसी से भी मार्गदर्शन और सहायता भी मांग सकते हैं. और यदि आप Air Products के बाहर किसी और से बात करना पसंद करते हैं तो आप **1-877-272-9726** पर IntegrityLine को कॉल कर सकते हैं या स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जा सकते हैं.

फोन लाइन्स और वेबसाइट को तृतीय–पक्ष विक्रेता द्वारा संचालित किया जाता है जिसे नैतिक और अनुपालन की सूचना देने में मदद हेतु Air Products ने नियुक्त किया है. उनके उपयोग के लिए आगे के निर्देश रिपोर्टिंग में सम्मिलित की गई आचार संहिता में उपलब्ध हैं. सूचना देने के लिए अनुमति योग्य श्रेणियाँ और प्रक्रियाएँ देश/क्षेत्र के अनुसार भिन्न होती हैं. तृतीय–पक्ष रिपोर्टिंग उपकरणों का उपयोग करते समय कृपया स्वयं अपने स्थानीय कानूनों की जानकारी रखें. याद रखें, Air Products गैर–प्रतिशोध के एक सख्त वचन को लागू करता है.

# कंपनी अनुपालन

## रिपोर्ट फाइल करने का तरीका

वे कर्मचारी जिनके पास प्रश्न या मुद्दे हों, जिन्हें परामर्श की आवश्यकता हो या संहिता उल्लंघन हो सकने का संदेह हो, तो उन्हें सबसे पहले उनके तात्कालिक पर्यवेक्षक या प्रबंधक से बात करनी चाहिए. हालाँकि यदि किसी परिस्थिति और प्रश्नों में पर्यवेक्षक या प्रबंधक शामिल हों या जब कोई कर्मचारी किसी अन्य से बात करना चाहता हो, तो उसे मामले को विधि समूह, मुख्य जोखिम अधिकारी, कॉर्पोरेट लेखा परीक्षा, या कंपनी के किसी अन्य कार्यकारी अधिकारी के पास ले जाना चाहिए.

कर्मचारियों के रूप में, कुछ परिस्थितियों में हम Air Products के भीतर किसी दूसरे को उल्लंघनों या मुद्दों की सूचना देने में अनिच्छुक या असुविधाजनक महसूस कर सकते हैं. कंपनी के भीतर या बाहर का कोई भी व्यक्ति Air Products द्वारा अनुबंध किए गए बाह्य, तृतीय–पक्ष के साथ उपलब्ध कई उपकरणों में से एक का उपयोग कर प्रति दिन 24 घंटे, प्रति सप्ताह सात दिन, सूचना दे सकता है. हमारी IntegrityLine के उपयोग द्वारा, कॉलर्स, मुद्दों को दस्तावेजीकृत करने और उसे फॉलो–अप हेतु आगे बढ़ा सकने वाले विक्रेता प्रतिनिधियों से बात (अक्सर स्थानीय भाषा में) कर सकते हैं. किसी भी इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से IntegrityOnline वेबसाइट कई भाषाओं में उपलब्ध है. आपके द्वारा दी गई जानकारी को सटीकता से दस्तावेजीकृत करने के लिए तृतीय पक्ष विक्रेता के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है. जो सभी मुद्दों की जाँच करने के लिए Air Products को सक्षम बनाता है.

सूचना देने वाले लोग अज्ञात (जहाँ स्थानीय कानून द्वारा अनुमति दी गई हो) रहना चुन सकते हैं, लेकिन फॉलो–अप को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपनी पहचान बताने के लिए आपको प्रोत्साहित किया जाता है. आपके नाम या विस्तृत जानकारी को रोके रखना, समस्याओं और मुद्दों का पता लगाने या उसका समाधान करने हेतु Air Products के लिए इसे मुश्किल बना सकता है. चाहे आप अपने मुद्दों पर फोन या ऑनलाइन द्वारा चर्चा करना चाहते हों, यदि आप फॉलो–अप करना चाहते हैं तो उपयोग हेतु आप एक रिपोर्ट संख्या प्राप्त करेंगे. फिर तृतीय–पक्ष कंपनी रिपोर्ट को जाँच के लिए Air Products के उपयुक्त लोगों को प्रेषित करेगी.

कृपया ध्यान दें कि कुछ देशों में डेटा गोपनीयता कानून रिपोर्ट बनाने के उस प्रकार/श्रेणी को सीमित करते हैं, जिन्हें कर्मचारी IntegrityLine फोन नंबर्स या IntegrityOnline वेबपेज के उपयोग द्वारा बना सकते हैं. कुछ देशों में, इन उपकरणों के उपयोग द्वारा रिपोर्ट केवल लेखा परीक्षा, लेखा, धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के लिए ही बनाई जा सकती हैं. इसी तरह कुछ देशों में अज्ञात रिपोर्टिंग कानून के द्वारा निषिद्ध है. ऐसी स्थिति में, आगे बढ़ने के बारे में रिपोर्टिंग प्रणाली आपको सलाह देगी.

## लेखा अनियमितताओं की सूचना देना

वे लोग जो सीधे निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति से संदेहपूर्ण लेखा या लेखा परीक्षा मामलों से संबंधित संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देना चाहते हैं, वे ऐसा कर सकते हैं. कर्मचारी ऑनलाइन या फोन द्वारा दी गई सूचना को लेखा परीक्षा समिति को अग्रेषित करने के लिए कह सकते हैं या शिकायत को एलेनटाऊन, पेन्सिल्वेनिया में Air Products के कॉर्पोरेट सचिव कार्यालय की जानकारी में सीधे लेखा परीक्षा समिति को मेल कर सकते हैं (पीछे के आवरण पर पता जानकारी देखें).

## आचार संहिता प्रमाणीकरण आवश्यकताएँ

समय समय पर, मुख्य जोखिम अधिकारी, कॉर्पोरेट जोखिम कार्यालय, या लेखा परीक्षा विभाग कुछ ऐसे विशिष्ट कर्मचारियों को नियुक्त कर सकते हैं जिनको ऐसे लिखित प्रमाणीकरण प्रदान करना आवश्यक होगा कि उन्होंने आचार संहिता या इसके कुछ भागों या संबंधित नीतियों, मानकों, और दिशा–निर्देशों की समीक्षा की है या समझ लिया है. प्रमाणीकरण यह पुष्टि करेगा कि तत्काल पूर्ववर्ती अवधि के दौरान, कर्मचारी ने आचार संहिता का अनुपालन किया है और उसे दूसरों के द्वारा इसके उल्लंघन की कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं है.

## निष्पक्षता और गैर–प्रतिकार

### निष्पक्ष व्यवहार

हम सभी को कंपनी के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतियोगियों और हमारे सहकर्मियों के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार करना चाहिए. किसी भी व्यक्ति को हेरफेर, छिपाव, विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी के दुरुपयोग, तथ्यों की गलत बयानी, या किसी अन्य अनुचित व्यवहार अभ्यास के द्वारा लोगों या परिस्थितियों का लाभ नहीं लेना चाहिए.

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें

### कंपनी की सुरक्षा में सहायता करने वालों की सुरक्षा करना

ईमानदारी के लिए हमारी प्रतिष्ठा एक मूल्यवान संपत्ति है. यही कारण है कि हम इसकी सुरक्षा करने वाले कर्मचारियों के लिए गैर–प्रतिशोध का वचन देते हैं. आपको वास्तविक या संदिग्ध आचार संहिता या नैतिक और अनुपालन एवं शासन नीति उल्लंघनों की सूचना देनी चाहिए. यदि आपको लगता है कि आप प्रतिशोध का शिकार हैं क्योंकि आपने आचार संहिता का पालन किया है, अनैतिक व्यापार प्रथाओं के बारे में प्रश्न किए हैं, या किसी उल्लंघन की सूचना दी है, तो प्रतिशोध की सूचना देने के लिए तुरंत रिपोर्टिंग उपकरणों या संसाधनों में से एक का उपयोग करें. Air Products कंपनी की सत्यनिष्ठा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने वाले लोगों के खिलाफ प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेगा.

# कार्य वातावरण और रोजगार



## विविधता और समावेशन

Air Products अपनी प्रतिबद्धता में एक ऐसा समावेशी काम का वातावरण बनाने के प्रति गंभीर है, जहाँ खुलापन, विश्वास और सम्मान हमारी वैश्विक कॉर्पोरेट संस्कृति का एक अभिन्न अंग हों. कर्मचारियों के रूप में, हमें एक दूसरे के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए और एक दूसरे की भिन्नताओं का मूल्य समझना चाहिए. उनकी भिन्नताओं से आने वाले दृष्टिकोण हमारी सतत सफलता के लिए महत्वपूर्ण है.

कंपनी उत्पीड़न और भेदभाव को हमारे काम के वातावरण के लिए अनुचित और हानिकारक मानती है. अधिकांश देशों में, उत्पीड़न और भेदभाव गैरकानूनी माने गए हैं. जहाँ हम काम करते हैं उन सभी देशों में Air Products मौजूदा कानूनों या उससे अधिक को पूरा करने करने का प्रयास करती है. कर्मचारियों को सभी प्रासंगिक क्षेत्रीय नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों, और काम के वातावरण तथा कार्यस्थल में सम्मान से संबंधित प्रक्रियाओं और कार्यस्थल के संबंध में विचार करना चाहिए. उन्हें विविधता और समावेशन, उत्पीड़न–विरोधी, और हमारे काम के माहौल के बारे में अन्य पाठ्यक्रमों पर कंपनी के प्रशिक्षण के बारे में नवीनतम जानकारी भी रखनी चाहिए.

Air Products कार्यस्थल में हिंसा या हिंसा की धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा. कर्मचारी जो हथियारों या खतरनाक पदार्थों को कार्यस्थल पर लाते हैं या जो इस तरीके से कार्य करता है कि दूसरे कर्मचारियों को डराता या धमकाता है, तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

**मेरे सहकर्मी के पास एक ई–मेल वितरण सूची है जिस पर वह चुटकुलें भेजती है, जो कभी–कभी लिंग, जाति, धर्म, राजनीति और अन्य व्यक्तिगत मतभेदों पर हास्य आघात करते हैं. मुझे उनमें से कुछ आपत्तिजनक लगते हैं और चिंतित होता हूँ कि दूसरे भी ऐसा करते होंगे. मुझे क्या करना चाहिए?**

हास्य एक व्यक्तिगत पसंद का मामला है, और लोग कभी–कभी ऐसे चुटकुले साझा करते हैं जो कि कार्यस्थान के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं. हो सकता है कि आपके सहकर्मी को इसका अहसास नहीं हो कि उस महिला के द्वारा अग्रेषित किए गए चुटकुलों की कुछ विषय सामग्री वितरण–सूची के सदस्यों का अपमान कर सकती है या उन्हें नीचा दिखा सकती है. आपको उस महिला से बात करनी चाहिए और उसे अपनी भावनाओं को समझाना चाहिए. यदि वह आपके अनुरोध पर नकारात्मक प्रतिक्रिया देती है, तो आपको अपने पर्यवेक्षक से बात करना चाहिए. लोगों को शर्मिंदा या नीचा दिखाने वाले मजाक, ग्राफिक्स, मौखिक टिप्पणियाँ, इशारे या हाव–भाव, और अन्य संचार हमारे काम के माहौल को नुकसान पहुँचाते हैं. इसके बारे में बोलने का आपके पास हर अधिकार है.



## समान रोजगार अवसर

Air Products के कर्मचारी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है. हमारी सतत सफलता प्रतिभाशाली पुरुषों और महिलाओं के विविध कार्यबल को आकर्षित करने और उसे बनाए रखने पर निर्भर करती है. प्रत्येक कर्मचारी को उसके या उसकी व्यक्तिगत विशेषताओं के बिना, उसकी योग्यता और कौशल के आधार पर आँका जाएगा. कंपनी रोजगार में समान अवसर के सभी सिद्धांतों का पूरी तरह से समर्थन करती है और उन देशों में जहाँ हम काम करते हैं, ऐसे सभी कानूनों का पालन करेगी.

## मानवाधिकार और श्रम एवं रोजगार कानून

रचनात्मकता और नवीनता को फलने–फूलने के लिए, लोगों को एक समावेशी वातावरण की जरूरत होती है, जहाँ उनके अधिकारों और विचारों का स्वागत और सम्मान किया जाता है और उनके साथ शालीनता और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाता है. Air Products इस वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. उन देशों में जहाँ हम काम करते हैं, बाल श्रम और कर्मचारी अधिकारों जैसे कि संघ बनाने की स्वतन्त्रता, गोपनीयता, और रोजगार के समान अवसर सहित सभी श्रम और रोजगार कानूनों का हम पालन करते हैं.



**मैं अंतर्राष्ट्रीय कार्य वाले एक पद के लिए प्रबंधक रख रहा हूँ. जिस सबसे योग्य व्यक्ति का साक्षात्कार मैंने लिया है वह एक महिला है, लेकिन मैं जानता हूँ कि इन देशों में से कुछ देशों में कुछ व्यवसायी महिला के साथ काम करना पसंद नहीं करते हैं. उसके कौशल उसे सबसे योग्य उम्मीदवार बनाते हैं, लेकिन उसका जेन्डर हमारे व्यापार को प्रभावित कर सकता है. मुझे क्या करना चाहिए?**

यह Air Products की नीतियों के खिलाफ है, और किसी नौकरी के उम्मीदवार को लिंग के आधार पर बाहर रखना गैर–कानूनी है. यह महत्वपूर्ण है कि हमें स्थान की परवाह किए बिना हम क्या करते हैं इसमें सही मार्ग का अनुसरण करना चाहिए. हमारी सत्यनिष्ठा के साथ कभी भी समझौता नहीं किया जाना चाहिए, यहाँ तक कि सही विकल्प के कारण लाभ के प्रभावित हो सकने पर भी.

## रिपोर्टिंग

www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ, स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए.

निम्न पर ऑनलाइन रिपोर्ट करें www.airproducts.com/integrityonline

# निरंतरता, वातावरण, स्वास्थ्य, रक्षा और सुरक्षा

## निरंतरता सुनिश्चित करना

Air Products के लिए, निरंतरता में कई ऐसी गतिविधियाँ शामिल होती हैं जो कंपनी और इसके हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण हैं. हम पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और ऊर्जा, पर्यावरण एवं उभरते बाजार की जरूरतों के लिए अभिनव समाधानों के माध्यम से स्थायी महत्व को बनाने का प्रयास करते हैं. जहाँ हमारा व्यवसाय है उन समुदायों में हम अच्छे पड़ोसी और निष्पक्ष नियोक्ता बनने का प्रयास करते हैं. हम जिम्मेदार पर्यावरण प्रबंधक और कॉर्पोरेट नागरिक हैं. हम में से प्रत्येक को अपने दैनिक कार्य के दौरान स्थायी व्यवसाय के मूल्यों को बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए.



अधिकांश बड़ी कंपनियों की तरह, Air Products पानी, ऊर्जा और दूसरे संसाधनों का उपयोग करती है और एक पर्यावरणीय पदचिह्न छोड़ती है. यही कारण है कि हमने संसाधनों के संरक्षण और उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य स्थापित किया है, एवं हमारे पास उन लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नीतियाँ हैं. हमारे पानी और ऊर्जा खपत के लक्ष्य और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य की Air Products Sustainability Council द्वारा निगरानी की जाती है, और हम हमारे प्रदर्शन में लगातार सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं. यह प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि बुद्धिमानीपूर्वक संसाधनों का उपयोग, अपशिष्ट को कम करने के लिए उपर्युक्त व्यवहार, और जब भी संभव हो तब सामग्रियों की रीसाइक्लिंग या उनके फिर से उपयोग द्वारा कंपनी के लक्ष्यों की दिशा में उसे उन्नत करें.

निरंतरता में अच्छा अधिशासन शामिल होता है. यह आचार संहिता दस्तावेज, संबंधित नीतियाँ, मानक, दिशा–निर्देश और आपकी भूमिका के लिए आवश्यक कोई भी प्रशिक्षण हमारे सभी व्यावसायिक लेनदेन में ईमानदारी के साथ व्यवहार करने के लिए हमारी प्रतिबद्धताओं को सुदृढ़ बनाते हैं. यदि आपको किसी भी निरंतरता संबंधित नैतिकताओं और अनुपालन समस्या के बारे में पता हो तो यहाँ प्रदान किए गए संपर्कों या उपकरणों में से एक का उपयोग करके आपको तुरंत अपने मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए.

## पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना

Air Products पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है. जहाँ भी हम काम करते हैं उन देशों में कंपनी की नीतियाँ सरकारी पर्यावरण संरक्षण कानूनों को पूरा या उससे अधिक पालन करती हैं. हम कई ऐसे संगठनों का सदस्य होने पर गर्व करते हैं, जिनका लक्ष्य निर्माण, वितरण और रसायनों के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है. सभी मामलों में उन पर्यावरणीय दिशा–निर्देशों को पूरा करना ही हमारी प्रथा है. सभी मामलों में उन पर्यावरणीय दिशा–निर्देशों को पूरा करना ही हमारी प्रथा है. कर्मचारियों को हमेशा Air Products के सभी पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और निरंतरता की नीतियों, मानकों, और प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए और सभी आवश्यक प्रशिक्षण लेना चाहिए.

## हमारे कार्यस्थल, कर्मचारियों और समुदायों को सुरक्षित रखना

Air Products ने सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिस्थितियों के साथ कार्य करने की अपनी प्राथमिकता निर्धारित की है और जो हम में से प्रत्येक से लगातार सुरक्षा की तरफ ध्यान केंद्रित करने के साथ–साथ प्रतिबद्धता की अपेक्षा रखती है. हमारे सुरक्षा रिकॉर्ड सराहनीय है और सुरक्षा के प्रदर्शन में निरंतर सुधार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं.

सभी कर्मचारी सुरक्षित कार्य करने और असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए जिम्मेदार हैं. हमें अपने स्वयं की और हमारे सहकर्मियों की कुशलता को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए सभी सुरक्षा संबंधी नीतियों, मानकों, प्रक्रियाओं और दिशा–निर्देशों का पालन करना चाहिए. कर्मचारी के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हमारे पास कुछ स्थानीय और क्षेत्रीय कार्यक्रम, जानकारी और उपकरण हैं, इसके साथ–साथ नीतियाँ भी हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम सुरक्षित घर भी वैसे ही जाएँ जैसे हम आते हैं. ये क्षेत्र के आधार पर भिन्न हो सकते हैं, और इसमें तम्बाकू का उपयोग, साइट पर प्रवेश के लिए बैज सिस्टम, स्थानीय और क्षेत्रीय स्वास्थ्य लाभ, कॉर्पोरेट कल्याण कार्यक्रम आदि के लिए नीतियाँ और मानक शामिल हो सकते हैं. आपकी साइट या भूमिका पर लागू होने वाले किसी भी चीज को आपको समझाने में आपके प्रबंधक या पर्यवेक्षक, EH&S मानव संसाधन आपकी मदद कर सकते हैं.

कार्यस्थल या ग्राहक साइटों पर सुरक्षा नीतियों, मानक, दिशा–निर्देशों और प्रक्रियाओं का कर्मचारी उल्लंघन अनुशासनात्मक कार्रवाई में परिणित हो सकता है. हिंसा या हिंसा की धमकियाँ, और कार्यस्थल पर हथियारों को रखना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इसी तरह, काम पर मादक द्रव्यों का सेवन प्रत्येक की सुरक्षा के साथ समझौता करना है और यह निषिद्ध है.

## हमारी साइट्स और उत्पादों की सुरक्षा करना

एक दूसरे की, हमारे पड़ोसी समुदायों, और हमारी कंपनी की संपत्ति की रक्षा करने को, हम गंभीरता से लेते हैं. क्योंकि हम जिन उत्पादों का निर्माण और परिवहन करते हैं, वे नुकसान पहुँचा सकते हैं, अगर वे दुर्भावनापूर्ण इरादे के लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं, Air Products के लिए सुरक्षा एक प्राथमिकता है. हमने हमारी कार्रवाइयों और उत्पादों की रक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं. हम सभी को हमारी साइट्स पर बिना किसी अपवाद के सभी सुरक्षा नीतियों, मानकों और प्रक्रियाओं का पालन करने की आवश्यकता है. कर्मचारियों के रूप में, हमारी यह भी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि आगंतुकों और मेहमानों को हमारी रक्षा और सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो और वे उसकी अनुपालन आवश्यकता अनुसार कार्य करें.

जब कर्मचारियों के पास सुरक्षा मुद्दें या किसी भी तरह का संदेह हो, तो उन्हें वैश्विक कॉर्पोरेट सुरक्षा (वैश्विक परिसंपत्ति सुरक्षा समूह) को सतर्क करना चाहिए. अतीत में, संभावित खतरनाक स्थितियों को टाला गया है क्योंकि सतर्क कर्मचारियों ने उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन किया है या वैश्विक कॉर्पोरेट सुरक्षा को समस्याओं के बारे में सतर्क किया है.

## क्या आप जानते हैं?

**कंपनी के अंदर और बाहर निरंतरता:** Air Products स्थायी व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध है, और हमारे स्थायित्व के प्रयास हमारी साइट्स और सुविधाओं से कहीं बढ़कर हैं. मूल्य श्रृंखला और दुनिया के स्थायित्व में सुधार करने में मदद करने के लिए हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के साथ भी कार्य कर रहे हैं. हमारे निरंतरता लक्ष्यों को पूरा करने में Air Products की मदद करने के लिए आपको हमारे मौजूदा मानकों और नीति मूल्यों के साथ परिचित होना चाहिए और ग्राहकों को उनकी निरंतरता में सुधार हेतु मदद करने के लिए हमारे प्रस्तावों के बारे में भी आपको जानकारी होनी चाहिए.

**मैंने ध्यान दिया है कि अक्सर लोग कतार में उनके पीछे खड़े लोगों को उनके बेज को स्वाइप किए बिना साथ में अंदर आने देने के लिए प्रवेश द्वार के दरवाजे को खोलकर रखते हैं. मुझे लगता है कि शायद यह ठीक है क्योंकि हम सभी कर्मचारी हैं, लेकिन कभी–कभी मैं ऐसे लोगों को देखता हूँ जिन्हे मैं पहचानता नहीं हूँ. मुझे क्या करना चाहिए?**

आपको उचित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किसी अन्य को हमारी इमारतों में प्रवेश की अनुमति नहीं देनी चाहिए, जिसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिकांश स्थानों पर उनके बैज को स्वाइप करना चाहिए. आप इस प्रकार से प्रवेश के लिए मना करके असभ्य व्यवहार नहीं कर रहे हैं; आप हमारे लोगों, संयंत्रों और गोपनीय जानकारी की रक्षा करने में मदद कर रहे हैं. यदि कोई आपकी कार्रवाई पर सवाल उठाता है तो उसे समझाएँ कि यह कंपनी नीति का मामला है, कि हमारी इमारतों में प्रवेश करने वाला हर व्यक्ति उसके स्वयं के अधिकृत बैज का उपयोग करे. इसी तरह, हम सभी को हमारी साइट्स पर अतिथियों और आगंतुकों से संबंधित नीतियों और प्रकियाओं का पालन करना चाहिए.

# कंपनी की परिसंपत्तियों और जानकारी का प्रबंधन करना



## क्या आप जानते हैं?

**जानकारी सुरक्षा जोखिम:** महत्वपूर्ण कंपनी जानकारी (और आपकी स्वयं की निजी जानकारी) के एक सबसे बड़े खतरे से सरल व्यवहार परिवर्तनों के द्वारा बचा जा सकता है. दुर्भावनापूर्ण इरादों वाले ऐसे व्यक्ति जो लोगों से जानकारी प्रकट करने या सिस्टम, डेटाबेस और दूसरी जानकारी रिपॉजिटरी तक पहुँच देने के लिए छुपे कंप्यूटर प्रोग्राम में "प्रवेश" देने के लिए लगातार और अधिक परिष्कृत तरीकों की खोज करते रहते हैं. इन अपराधियों के पास वैध दिखने वाले व्यवसाय या संपर्क या प्रकाशित ई–मेल या वेबसाइट होते हैं जो कि वास्तविक दिखाई देते हैं. आपको प्रत्येक ई–मेल, इंटरनेट लिंक, अनुलग्नक, या जानकारी का अनुरोध (इलेक्ट्रॉनिक, लाइव, या फोन के द्वारा) के साथ सावधानी बरतनी चाहिए. कभी भी अपने नेटवर्क या व्यक्तिगत पासवर्ड को साझा न करें, ऑनलाइन या ई–मेल में संवेदनशील जानकारी मुहैया न कराएँ, या असत्यापित ई–मेल में लिंक पर क्लिक न करें जानकारी का अनुरोध करने वाले लोगों की सही पहचान की पुष्टि के लिए हमेशा दुबारा जाँच करें.

## कंपनी सिस्टम, जानकारी और उपकरण का उचित उपयोग करना

कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करना प्रत्येक की जिम्मेदारी है. चोरी और लापरवाही हमारे लाभों को प्रभावित करती हैं. हमें केवल खुद ही नीति का पालन नहीं चाहिए, बल्कि संदिग्ध धोखाधड़ी, चोरी, सुरक्षा उल्लंघन या दूसरों के द्वारा कंपनी की संपत्ति के अनुचित प्रयोग की तुरंत सूचना करने के द्वारा जानकारी संपत्तियों सहित हमारी संपत्तियों की सुरक्षा करने में मदद भी करनी चाहिए.

कंपनी उपकरण, सिस्टम, जानकारी, माल और सेवाओं का उपयोग केवल कंपनी के व्यापार के लिए ही किया जाना चाहिए. आकस्मिक निजी इस्तेमाल के कुछ मामलों में अनुमति प्रदान की गई है, बशर्ते यह व्यापार लेनदेन या उत्पादकता को प्रभावित नहीं करे. व्यक्तिगत लाभ के लिए Air Products की संपत्ति या जानकारी का उपयोग करना निषिद्ध है.

यदि आप कंपनी के संग्रहीत डेटा वाले किसी उपकरण को गलत जगह रख देते हैं या खो देते हैं तो इस नुकसान के लिए आपको कॉर्पोरेट सुरक्षा (ग्लोबल संपत्ति सुरक्षा) को सूचना देनी चाहिए.

## अभिलेखों और दस्तावेजों का प्रबंधन करना

कंपनी के अभिलेख महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट संपत्तियाँ हैं. प्रभावी और कुशल अभिलेख रखना हमारे काम करने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है. उचित अभिलेख प्रबंधन, कानूनी, विनियामक और संचालन आवश्यकताओं के द्वारा संचालित होता है. अभिलेखों और अन्य महत्वपूर्ण कंपनी जानकारी को उनके जीवन चक्र में उचित रूप से प्रबंधित (निर्मित करना, उपयोग करना, साझा करना, संग्रहीत करना, और नष्ट करना) किया जाना चाहिए. कर्मचारियों द्वारा संभाली और प्रबंधित की जाने वाली जानकारी को वर्गीकृत करने के तरीके को समझना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है यह कंपनी के कानूनों और विनियमों के साथ–साथ उसकी नीतियों के भी अनुरूप है. यदि आप अपने अभिलेखों या दस्तावेजों को प्रबंधित करने के तरीके के बारे में अनिश्चित हैं, तो आपको मार्गदर्शन के लिए अपने पर्यवेक्षक या विभाग जानकारी प्रमुख से परामर्श करना चाहिए.

## इनसाइडर ट्रेडिंग

कंपनी के साथ रोजगार की अवधि के दौरान किसी कर्मचारी को ज्ञात हुई किसी भी गैर–सार्वजनिक जानकारी का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खुलासा करना, उस कर्मचारी द्वारा Air Products की नीति का उल्लंघन है. हमें अपने स्वयं के लाभ या Air Products के नुकसान के लिए इस तरह की जानकारी का उपयोग करने की अनुमति नहीं है. उदाहरण के लिए, कर्मचारी किसी दूसरी कंपनी में स्टॉक को नहीं खरीद सकता है, इसके पीछे हमारा कारण है कि उसे Air Products प्राप्त करने में रुचि रख सकता है. इनसाइडर ट्रेडिंग के बारे में यह नीति अमेरिकी कानूनों के अनुरूप है और बहुमूल्य जानकारी के प्रकटीकरण से कंपनी को होने वाले नुकसान को रोकना भी इसका उद्देश्य है.

इनसाइडर ट्रेडिंग–जब आपको कंपनी के बारे में ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी का पता हो, जिसे पब्लिक नहीं जानती हो, ऐसे में Air Products स्टॉक को खरीदना या बेचनाअनुचित है. यह एक अपराध भी है. "महत्वपूर्ण" जानकारी में Air Products के स्टॉक को खरीदने या बेचने के संभावित निवेशक के निर्णय को प्रभावित करने वाली कुछ भी बात शामिल होती है. संभावित अधिग्रहण या स्वत्व–हरण, कॉर्पोरेट आय अनुमान, और वरिष्ठ प्रबंधन में योजनाबद्ध परिवर्तन जैसी सभी महत्वपूर्ण बातों को महत्वपूर्ण जानकारी माना जा सकता है.

इनसाइडर ट्रेडिंग कानून कम स्पष्ट बातों का भी निषेध करते हैं. यदि आप गैर–सार्वजनिक महत्वपूर्ण जानकारी जानते हैं, तो हो सकता है कि आप सीधे या अपने सेवानिवृत्ति और बचत योजना के दौरान Air Products स्टॉक का लेनदेन न कर सकें. यदि आप व्यापार नहीं कर सकते हैं, तो न तो आपके परिवार का सदस्य और न ही आपके घर में रहने वाला कोई व्यक्ति व्यापार कर सकता है. इसके अलावा, आपको अन्य गैर–सार्वजनिक महत्वपूर्ण जानकारी को किसी दूसरे से कहना भी मना किया गया है. इसी तरह, अगर आपके पास हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं, या अन्य व्यापार भागीदारों बारे में महत्वपूर्ण गैर–सार्वजनिक जानकारी है तो आप उनके स्टॉक को खरीद या बेच नहीं सकते हैं.

यह बुनियादी निष्पक्षता के बारे में है. निवेशकों को यह भरोसा कर पाने में समर्थ होना चाहिए कि बाजार में ट्रेडिंग करने वाले हर व्यापारी के पास समान जानकारी है. इनसाइडर ट्रेडिंग बाजार को खराब और विश्वास को हानि पहुंचाती है.

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें



## बौद्धिक संपदा और कंपनी जानकारी संपत्ति की सुरक्षा करना

हम सभी Air Products की बौद्धिक संपत्ति की रक्षा करने में मदद करने के लिए जिम्मेदार हैं. बौद्धिक संपत्ति (या बौद्धिक संपदा) में ज्ञान, जानकारी, और एक कंपनी और उसके कर्मचारियों के पास कौन–सी जानकारियाँ हैं जिन्हें मूल्य में परिवर्तित किया जा सकता है, के बारे में जानना शामिल हैं. लिखित योजनाएँ, उत्पाद डिजाइन्स, वर्तमान और भविष्य की परियोजनाएँ, पेटेंट, ट्रेडमार्क, कार्य–जानकारी और कार्य प्रक्रियाएँ और अन्य बहुमूल्य जानकारी, Air Products के स्वामित्व वाले बौद्धिक संपत्ति के उदाहरण हैं. Air Products में सूचना का मुक्त प्रवाह हमारे प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण है. हालांकि, हमारी बौद्धिक संपत्ति का विवरण एक प्रतियोगी या बाहर की अन्य पार्टियों के लिए मूल्यवान हो सकता है. Air Products के पास एक विस्तृत जानकारी जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम है, जिसमें बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए उपकरण तथा तकनीकें शामिल हैं ताकि कर्मचारी हमारे संयुक्त बौद्धिक संसाधनों का अधिक से अधिक लाभ ले सकें. उनको सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक को सतर्क रहना पड़ता है. हमारी बौद्धिक संपत्तियों की सुरक्षा बनाए रखने में हमारी मदद करने के लिए नीतियाँ, मानक और दिशा–निर्देश भी हैं.

Air Products के कर्मचारी अन्य कंपनियों या व्यक्तियों के स्वामित्व वाली उस गोपनीय जानकारी को रख सकते हैं या प्राप्त करने की इच्छा कर सकते हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए कंपनी कानूनी तौर पर बाध्य है. यदि आप इस तरह की गोपनीय या स्वामित्व वाली जानकारी को प्राप्त करना या उसका उपयोग करना चाहते हैं तो पहले आपको कुछ कदम उठाने चाहिए. आपके पास उचित व्यापार लीडर द्वारा अनुमोदित हस्ताक्षरित गैर–प्रकटीकरण या गोपनीयता समझौता होना चाहिए और आपको इसकी शर्तों का पालन करना चाहिए. इस चरण का पालन करना, कंपनी को उन संभावित कानूनी दावों या मुद्दों से बचने में मदद कर सकता है जिनके कारण कंपनी के स्वयं के अनुसंधान के प्रयास, विकास, और व्यापार के साथ समझौता हो सकता है. यदि आपके पास प्रश्न हैं या आप अनिश्चित हैं कि कौनसी प्रक्रिया का पालन करना है, तो अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक या विधि समूह से परामर्श करें.

कर्मचारियों को Air Products या अन्य कंपनियों या व्यक्तियों के बारे में सभी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी के अनधिकृत प्रकटीकरण या उपयोग करने से सुरक्षा करनी चाहिए. इसमें आपके पास व्यक्तिगत रूप से होने वाली जानकारी के साथ–साथ किसी Air Products सिस्टम, डेटाबेस या अनुप्रयोग पर रखी या एक्सचेंज की जाने वाली जानकारी की सुरक्षा करने के लिए निम्नलिखित नीतियों का अनुसरण करना शामिल है. व्यक्तिगत लाभ के लिए या कंपनी के नुकसान के लिए ऐसी जानकारी का उपयोग करना भी Air Products की नीतियों के खिलाफ है. इसके अलावा, संवेदनशील और गोपनीय जानकारी के भंडारण, साझाकरण या निपटान करने के दौरान सावधानी बरतना आवश्यक है, चाहे वह इलेक्ट्रॉनिक हो या हार्ड कॉपी.

**मैंने अपने कार्यस्थल के ई–मेल खाते पर कुछ बाह्य वेबसाइट विज्ञापन और प्रचारों को प्राप्त किया है और कुछ गैर–कार्य संबंधित समाचार को सब्सक्राइब किया है. क्या यह कंपनी नीति द्वारा अनुमत है?**

Air Products हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और प्रणालियों का मुख्य रूप से व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाना चाहिए. हालांकि, कुछ सीमित निजी उपयोग का आनंद लेना तब तक ठीक है जब तक कि यह सिस्टम सुरक्षा, दक्षता या विश्वसनीयता या आपकी या आपके सहकर्मियों की उत्पादकता को प्रभावित न करे. हालाँकि, इस तरह के उपयोग कंपनी के लिए एक खतरा हो सकते हैं. वायरस, मालवेयर, हैकिंग, फिशिंग और अन्य सुरक्षा जोखिम का तेजी से बढ़ना आम है. आपको अच्छी तरह से सभी संबंधित नीतियों के साथ–साथ उन चरणों से भी खुद को परिचित कराना चाहिए जो यह सुनिश्चित करने के लिए उठाने है कि ई–मेल और इंटरनेट के आपके उपयोग में Air Products की जानकारी नहीं रखी है—और अपनी स्वयं की निजी जानकारी को—जोखिम में नहीं ड़ाला है. कृपया ध्यान दें कि सम्मानित संस्थाएँ ई–मेल के माध्यम से आप के साथ संवाद करने दौरान कभी भी आपकी पहचान और पासवर्ड नहीं पूछती हैं.



## हमारे कम्प्यूटिंग वातावरण में सुरक्षा

हम अपने कंप्यूटर पर, बाह्य संग्रहण उपकरणों और सेवा (जैसे, क्लाउड) पर, हमारे स्वयं के निजी प्रौद्योगिकी उपकरणों के भीतर और Air Products के सिस्टम के भीतर, कंपनी की मूल्यवान जानकारी को संग्रहीत करते हैं. इसीलिए कर्मचारियों को Air Products के कंप्यूटिंग पर्यावरण का जिम्मेदारी से उपयोग करना चाहिए और इसकी सुरक्षा से संबंधित नीतियों, मानकों, और दिशा–निर्देशों का पालन करना चाहिए–इनको हमारी जानकारी की रक्षा करने और वायरस, सुरक्षा उल्लंघनों, और अन्य "साइबर धमकियों" से हमारे कंप्यूटिंग पर्यावरण की रक्षा के लिए डिजाइन किया गया है. इनमें सिस्टम और हार्डवेयर के उचित उपयोग से संबंधित विवरण, सुरक्षा प्रोग्राम स्थापनाओं और एन्क्रिप्शन प्रक्रिया, पासवर्ड संरक्षण, अनुमोदित अनुप्रयोग डाउनलोड और स्थापनाएँ, बाह्य संग्रहण उपकरण, इंट्रानेट पर पहुँच, इंटरनेट और सामाजिक मीडिया का उपयोग, अपने पीसी या साइट हार्डवेयर की सुरक्षा करने के उपाय और आदि शामिल हैं.

कम्प्यूटिंग संपत्ति और सिस्टम्स व्यावसायिक प्रयोजनों हेतु इस्तेमाल के लिए हैं. हालाँकि, कुछ सीमित निजी इस्तेमाल की तब तक के लिए अनुमति दी गई है जब तक कि यह व्यावसायिक उत्पादकता, सिस्टम की कुशलता या कर्मचारी के प्रदर्शन को प्रभावित या कंपनी के किन्हीं नीतियों या मानकों का उल्लंघन न करें. यह कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह किसी आवश्यक जानकारी सुरक्षा–संबंधी प्रशिक्षण पूर्ण करने के साथ–साथ ऐसी नीतियों और दिशा–निर्देशों के साथ स्वयं भी परिचित हो.



## कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए डेटा गोपनीयता

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी (PII) की सुरक्षा करना, कंपनी और सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है, वैसे ही जैसे हम Air Products की कॉर्पोरेट जानकारी की सुरक्षा करते हैं. PII के उदाहरण व्यक्तिगत पहचान संख्या, रोजगार, चिकित्सा, और वित्तीय विवरण; रोजगार अभिलेख; और इसी तरह की जानकारी है. Air Products के कर्मचारियों को ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, भागीदारों, और अन्य हितधारकों के बारे में जानकारी की भी सुरक्षा करनी चाहिए.

## हमारे कंप्यूटिंग वातावरण में कर्मचारी गोपनीयता

Air Products के कंप्यूटिंग और डेटा संग्रहण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सिस्टम, और अनुप्रयोग कंपनी की संपत्ति हैं. अवैध, मानहानिकारक, आपत्तिजनक या पीड़ित करने वाले संदेश या फाइलों को भेजना; कॉपीराइट कानून का उल्लंघनय गोपनीय, संवेदनशील या स्वामित्व जानकारी का अनधिकृत प्रकटीकरण और धन के लिए लालच देने वाले कुछ ई–मेल का उपयोग करना सर्वथा निषिद्ध है.

चूंकि कर्मचारियों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर कंपनी की जिम्मेदारी हैं, इंटरनेट या बाह्य पार्टियों के साथ ई–मेल और त्वरित संदेश भेजने के लिए, किसी सिस्टम के उपयोग के दौरान व्यक्तिगत गोपनीयता की गारंटी नहीं ली जा सकती है. कर्मचारियों को यह नहीं मान लेना चाहिए कि उनके ई–मेल निजी या व्यक्तिगत रूप से गोपनीय हैं. ई–मेल का अवरोधन और स्कैन करने के लिए और उचित उपयोग और नीतियों, मानकों, दिशा–निर्देशों और कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी अन्य सिस्टम की निगरानी रखने के लिए, लागू होने वाले क्षेत्रीय कानून के तहत उपलब्ध संपूर्ण सीमा तक कंपनी अधिकार सुरक्षित रखती है. हम जिम्मेदारीपूर्वक हमारे कंप्यूटिंग वातावरण का उपयोग करके और संबंधित नीतियों और प्रक्रियाओं के पालन द्वारा Air Products की जानकारी के साथ–साथ अपनी स्वयं की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करने में मदद कर सकते हैं.

# निजी हितों में संघर्ष




## हितों के संघर्ष के क्या कारण हैं?

कर्मचारियों को किसी भी ऐसी स्थिति से बचना चाहिए, जिसमें उनके निजी हितों और कंपनी के हितों के बीच संघर्ष शामिल हों या होता हुआ दिखाई दे रहा हो. इसका मतलब है कि कर्मचारियों को उनके काम करने के दौरान ऐसी परिस्थितियों से बचना चाहिए जो उनके निर्णय या निष्पक्षता को उलझन में ड़ाल सकती हों. यदि आपके निजी हितों या आपके रिश्तों के कारण आपको पक्षपात होता हुआ महसूस होता हो (या अगर हो सकता है कि यह दूसरों को दिखाई दे कि आप पक्षपात महसूस कर रहे हैं), तो यहाँ हितों का संघर्ष होता है.

ऐसे उदाहरण, जिनमें हितों का संघर्ष उत्पन्न हो सकता है, उनमें निम्न शामिल हैं:

- अगर कोई कर्मचारी या उसके परिवार का सदस्य, Air Products के ग्राहक या आपूर्तिकर्ता कंपनी का हिस्सेदार मालिक या एक सलाहकार, दिहाड़ी मजदूर, या अन्य कोई जो उस कंपनी से अन्य प्रतिफल प्राप्त करता हो
- अगर कोई कर्मचारी Air Products और किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या साझेदार के बीच संबंध स्थापना करने से व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करता हो
- अगर कोई कर्मचारी किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या हिस्सेदार से ऋण या दायित्वों की गारंटी देना जैसे व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करता हो
- अगर कोई कर्मचारी किसी ऐसे व्यवसाय से जुड़ा हुआ हो जो कि परोक्ष या अपरोक्ष रूप से Air Products के साथ प्रतियोगिता में हो
- अगर कोई कर्मचारी उसके पद या कंपनी के उपकरण या सिस्टम्स के उपयोग द्वारा व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए मौके की तलाश में रहता हो

एक सामान्य निवेश कार्यक्रम के भाग के रूप में निष्पक्ष लेनदेन के लिए आवश्यक प्रमुख सार्वजनिक एक्सचेंजों पर व्यापार करने वाली कंपनियों में निवेश करना, सामान्य रूप से किसी संघर्ष का कारण नहीं होता है. कोई परिस्थिति हित का संघर्ष है या नहीं, इसके बारे में अगर आपके पास प्रश्न हों तो विधि समूह या कॉर्पोरेट लेखा परीक्षा विभाग से संपर्क करें.



**मेरी बहन Air Products के साथ एक विक्रय सौदों के लिए बोली लगाने वाली एक कंपनी की हिस्सेदार है. आने वाली बोलियों का मूल्यांकन करना मेरा काम है. क्या यह हितों का परस्पर संघर्ष है?**

हाँ. आपके करीबी पारिवारिक संबंधों की वजह से, अपनी बोली के मूल्यांकन में आपको पक्षपातपूर्ण माना जा सकता है. आपको अपने पर्यवेक्षक को परिस्थिति समझाना चाहिए और विक्रेता के प्रस्तावों को जाँचने और तुलना करने के लिए किसी अन्य को असाइन करने के लिये कहना चाहिए.

## व्यवसाय के दौरान उपहारों का देना या लेना

लोगों के लिए व्यवसाय के दौरान भोजन या सस्ते मनोरंजन को देना या प्राप्त करना सामान्य और व्यावहारिक है. उच्च–मूल्य के उपहारों का आदान या प्रदान करना या अत्यधिक या अनुचित मनोरंजन प्राप्त करना अनैतिक और अवैध हो सकता है. यह आपके निजी व्यवसाय और Air Products दोनों की प्रतिष्ठा को हानि पहुँचा सकता है.

व्यापार संबंधों में, कोई भी कर्मचारी ऐसी किसी भी मुल्यवान वस्तु को देने या लेने की पेशकश नहीं कर सकता है जो व्यापार निर्णयों को प्रभावित करने का प्रयास हो सकती है या कोई रिश्वत की तरह लग सकती है. बहुत विशिष्ट और परिभाषित परिस्थितियों को छोड़कर किसी अन्य स्थिति में नकदी देना या प्राप्त करना कंपनी की नीति के खिलाफ है. व्यापार बातचीत के दौरान उचित और उपयुक्त भोजन या मनोरंजन को स्वीकार करना तर्क संगत है, और एक संतुलित संबंध बनाए रखने के लिए हम इसी तरह के शिष्टाचारों के साथ विनिमय करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. लेकिन अनुचित या वर्तमान कंपनी नीतियों, मानकों, या दिशा–निर्देशों के द्वारा अनुमत से अधिक मनोरंजन या उपहार प्रदान करना या प्राप्त करना, अनैतिक है. इसी तरह, कर्मचारियों को भी ऐसे सस्ते लेनदेन से बचना चाहिए, जब कि वे जानते हों या उन्हे लगता हो कि ये दूसरी पार्टी की कंपनी की नीति के खिलाफ हैं.

एक कर्मचारी के द्वारा दिए जाने या स्वीकार किए जाने वाली सद्‌भावना उपहार की राशि की सीमा को कंपनी तय करती है और हमसे इन सीमाओं को समझने की उम्मीद की जाती है. क्या कोई उपहार या मनोरंजन महंगा या अनुचित है, इस विषय में यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो आपको संबंधित कंपनी की नीतियों के बारे में परामर्श करना चाहिए और सलाह के लिए अपने पर्यवेक्षक या प्रबंधक, लेखा परीक्षा विभाग या मुख्य जोखिम अधिकारी पूछना चाहिए.

सरकारी कर्मचारियों के साथ लेनदेन करने के बारे में बहुत से तकनीकी कानूनों और विनियमों के होने के कारण, इनके संबंधों में उपहार देना अवैध हो सकता है. सबसे पहले तात्कालिक पर्यवेक्षक और विधि समूह के किसी प्रतिनिधि से अनुमोदन मांगे बिना कोई भी उपहार सरकारी कर्मचारियों को नहीं दिया जाना चाहिए.

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें

## क्या आप जानते हैंद्

**यात्रा और मनोरंजन खर्च:** जहाँ भी हम व्यापार करते हैं वहाँ Air Products ग्राहकों और सरकारी अधिकारियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने के लिए प्रयास करता है. लेकिन यात्राओं, मनोरंजन, साइट निरीक्षण, और ऐसे ही अन्य किसी के लिए आयोजन करने और भुगतान करते समय हमें सावधान रहना चाहिए. किसी भी यात्रा का एक न्यायसंगत व्यापारिक उद्देश्य होना चाहिए और अग्रिम रूप से विधि समूह के द्वारा उसकी समीक्षा और अनुमोदित किया जाना चाहिए. यात्रा अवधि को उतना ही सीमित होना चाहिए जितना कि अनुमोदित व्यापार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए यथोचित रूप से आवश्यक हो. Air Products को गैर–व्यवसाय से संबंधित आगंतुकों, अतिरिक्त यात्राओं, पर्यटन स्थलों का भ्रमण, या भव्य मनोरंजन के लिए भुगतान नहीं करना चाहिए, और न ही पूर्व समीक्षा और अनुमोदन को व्यक्त किए बिना हमें उपहार प्रदान नहीं करना चाहिए.

**एक विक्रेता ने हमारे अनुबंध पर चर्चा के लिए एक लक्जरी रिसोर्ट में मीटिंग का सुझाव दिया है, और उसने मेरी यात्रा और कुछ महंगे शो के टिकट सहित सभी संबंधित खर्चों के लिए भुगतान की पेशकश की है. चूंकि यह व्यवसाय से संबंधित है, क्या मैं यह प्रस्ताव स्वीकार कर सकता हूँ?**

नहीं, Air Products की नीतियों और दिशा–निर्देशों द्वारा माने जाने वाले उचित और व्यावहारिक पेशकश से विक्रेता की पेशकश अधिक है. इस प्रकार के एक अनुचित प्रस्ताव को स्वीकार करना—या उपहार देना, यात्रा, या अनुमति योग्य से अधिक मात्रा में मनोरंजन करने को—व्यापार निर्णयों को प्रभावित करने के लिए भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के रूप में माना जा सकता है. कानून और Air Products नीति दोनों इस तरह के लेनदेन की मनाही करते हैं.

# लोगों के साथ बातचीत करना



## सामुदायिक भागीदारी

जहाँ हम काम करते हैं, और जहाँ हमारे कर्मचारी और उनके परिवार रहते हैं एवं काम करते हैं, वहाँ पर समुदायों को समर्थन देना और सहायता करना, Air Products की लंबे समय से चली आ रही परंपरा है. कंपनी समुदाय के बाह्य व शिक्षा कार्यक्रमों को आयोजित और प्रायोजित करती है. समुदाय और हमारे व्यापार करने के तरीके दोनों में सुधार करने के लिए हमारे स्थानीय साइटों के कर्मचारी निवासियों और उनके क्षेत्रों के संगठनों के साथ मिलकर कार्य करते हैं. हालांकि, आउटरीच व अन्य कार्यक्रमों के लिए कंपनी के धन का उपयोग करने के दौरान कर्मचारियों को हमेशा Air Products की नीतियों का पालन करना चाहिए. इसी तरह, एक गैर–प्रलोभन नीति कुछ परिस्थितियों और/या क्षेत्रों पर लागू होती है, जो कि धन उगाहने या कार्यक्रम आयोजन करने से हर कर्मचारी को प्रतिबंधित करती है. इस क्षेत्र में, सामुदायिक संबंध विभाग, कॉर्पोरेट संचार, या मानव संसाधन उन कर्मचारियों का जिनके पास कोई प्रश्न हैं, उनका मार्गदर्शन कर सकते हैं.

कुछ क्षेत्रों में सामान्य कार्य घंटों के दौरान कर्मचारी की भागीदारी स्थानीय प्रबंधक के विवेकाधीन है. किसी समुदाय के समाजसेवी कार्यक्रमों में शामिल होना आमतौर पर पसंद का मामला है. किसी Air Products के समाजसेवी कार्यक्रम या कंपनी के द्वारा आयोजित धन उगाहने में योगदान देने के लिए किसी भी कर्मचारी को दबाव महसूस नहीं करना चाहिए. कार्य घंटो के दौरान, कर्मचारी की भागीदारी उसके या उसके प्रबंधक के विवेकाधीन है.



## राजनीतिक भागीदारी, पैरवी, उपहार और योगदान

Air Products में, एक दूसरे की, हमारे समुदायों और वैश्विक वातावरण की जिम्मेदारीपूर्वक परवाह करना हमारे बुनियादी मूल्यों में से एक है. Air Products कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को समुदाय के लिए योगदान देने और स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय राजनीतियों में पूरी तरह से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है. हालांकि, ऐसा करने में, Air Products और इसके कर्मचारियों को राजनीतिक योगदान, पैरवी, और उपहार देने सहित राजनीतिक मामलों में भागीदारी से संबंधित कानूनों का पालन करना चाहिए. कुछ देशों और अधिकार क्षेत्रों में, राजनीतिक योगदान, पैरवी, और उपहार देने की अनुमति नहीं है.

हम पैरवी नहीं कर सकते हैं, उपहार नहीं दे सकते हैं या अन्यथा कानून या कंपनी के व्यापार से संबंधित मामलों पर अन्य नीतिगत फैसले के बारे में सरकारी अधिकारियों के कार्यों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते हैं, जब तक कि कार्रवाई को विधि समूह और/या कॉर्पोरेट संबंधों द्वारा मंजूरी न दी गई हो. हमारे पैरवी करने के प्रयासों के साथ समन्वयन बैठाना महत्वपूर्ण है. जिस तरह पैरवी गतिविधियों में संलग्न होने या पैरवी संपर्कों को बनाने के लिए कंपनी के द्वारा बाह्य पार्टियों को काम पर रखा जाता है उसी प्रकार अक्सर ऐसे नियोक्ता और कर्मचारी जो पैरवी करने में संलग्न रहते हैं, उनको पैरवी के लिए पंजीकृत

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें

होना चाहिए. राजनीतिक योगदानों से संबंधित सभी कानूनों का अनुपालन करना, यह भी Air Products की एक नीति है. और नीति मामले के रूप में, Air Products and Chemicals, Inc. एक कानूनी इकाई के रूप में, किसी भी देश या क्षेत्र के उम्मीदवारों को कॉर्पोरेट राजनीतिक योगदान नहीं देता है, यहाँ तक कि वहाँ भी नहीं जहाँ कानून द्वारा अनुमति दी गई है. कर्मचारी अपनी ओर से किसी पार्टी के उम्मीदवार के लिए व्यक्तिगत योगदान देने हेतु स्वतंत्र हैं, लेकिन वे किसी भी राजनीतिक पार्टी या समिति, या किसी उम्मीदवार या किसी भी सरकारी कार्यालय अधिकारी के लिए फुटकर राशि, संपत्ति, या सेवाओं सहित कंपनी धन का कोई योगदान नहीं कर सकते हैं. और न ही वे किसी ऐसे व्यक्तिगत योगदान के लिए प्रतिपूर्ति की मांग कर सकते हैं. जहाँ Political Action Committee ("PAC") की कार्रवाई वैध हो वहाँ यह नीति नहीं रोकती है. Air Products Political Alliance (PAC), Air Products and Chemicals, Inc. की एक पृथक वैध इकाई है, जो उन अमेरिकी संघीय और राज्य के उम्मीदवारों को योगदान देती है जो कंपनी के हितों का समर्थन करते हैं.

## लोगों के साथ संवाद करना

यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि बाह्य संचार सटीक एवं निरंतर कार्य करते रहें और गोपनीयता, लागू होने योग्य कानूनों, गोपनीयता के अधिकारों, या संवेदनशीलता का उल्लंघन नहीं करें. बाह्य संचार में ग्राहकों, पत्रकारों, वित्तीय विश्लेषकों और निवेशकों, ब्लॉगर्स, सामाजिक और पेशेवर नेटवर्किंग साइटों के प्रतिभागियों, हमारे समुदायों, उद्योग में हमारे सहयोगियों, और बाहर के समूहों के अन्य सदस्य शामिल हो सकते हैं. प्रकाशित जानकारी Air Products की प्रतिष्ठा के साथ–साथ गंभीर व्यापार और कानूनी परिणामों पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है. कंपनी के बाहर संवाद करने के दौरान हम सभी को सावधानी का उपयोग करना चाहिए.

आज की दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक संचार की सुलभता का मतलब कंपनी की उस जानकारी से है जिसको नेक–नीयत वाले कर्मचारी सामान्य तौर पोस्ट या प्रकाशित करते हैं—या शायद व्यापक रूप से जिसे साझा करने का उनका आशय नहीं होता है—वह आसानी से वेब पर दिखाई दे सकती है और इंटरनेट के माध्यम से उसे खोजा जा सकता है. यह सुनिश्चित करने के लिए कि बाह्य संचार मौजूदा नीतियों और मानकों का पालन करता है, Air Products को कुछ आंतरिक समीक्षाएँ करने की आवश्यकता है.

यदि आपसे मीडिया के द्वारा संपर्क किया जा रहा है या आपके काम के बारे में जानकारी प्रकाशित करना चाहते हैं, तो सलाह के लिए कॉर्पोरेट संचार से संपर्क करें. यदि आपसे किसी निवेशक या विश्लेषक के द्वारा संपर्क किया जा रहा है, तो निवेशक संबंध से संपर्क करें. तकनीकी कागजातों में आपके प्रबंधक या पर्यवेक्षक से अनुमोदन शामिल होना चाहिए, और कुछ मामलों में कानूनी समीक्षा होनी चाहिए. यदि आपसे एक बाह्य प्रस्तुति देने के लिए कहा जाता है, तो अपने पर्यवेक्षक से परामर्श लें, जो कॉर्पोरेट संचार या विधि समूह के साथ इसकी समीक्षा करने का फैसला ले सकता है. इन समीक्षाओं का प्रयोजन आपकी और कंपनी की अनपेक्षित परिणाम से सुरक्षा करना और Air Products को सतत और पेशेवर के रूप में प्रस्तुत करना है. यदि आपका मीडिया से संपर्क है या आपने अपनी कार्य गतिविधियों के बाहर कोई जानकारी प्रकाशित कर रहे हैं, तो यह निर्दिष्ट करें कि आप अपनी व्यक्तिगत राय की पेशकश कर रहे हैं, जरूरी नहीं है कि यह Air Products की राय हो. इसी तरह, संवेदनशील जानकारी का खुलासा नहीं करने की सावधानी बरतें.

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.


www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें

# सामाजिक मीडिया का प्रयोग

इलेक्ट्रॉनिक संचार की सुलभता और गति लगातार उन्नत हो रही है, और कार्यस्थल के अंदर या बाहर इन इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों का उपयोग करते समय कर्मचारियों को अतिरिक्त सावधानी का उपयोग करना चाहिए. सामाजिक नेटवर्किंग साइटें और अन्य इलेक्ट्रॉनिक मंच, व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों, बहुत लोकप्रिय हैं. बस केवल कुछ ही क्लिक में एक बहुत व्यापक दर्शकों के लिए जानकारी को वितरित करना बहुत आसान है. लेकिन हमें इसमें सावधानी बरतनी चाहिए कि हम जो भी सामाजिक मीडिया में साझा करते हैं, वह हमारी जानकारी की रक्षा और सुरक्षा, हमारे व्यापार की प्रतिष्ठा, या कर्मचारियों, ग्राहकों या भागीदारों की गोपनीयता की रक्षा के लिए बनाए गए Air Products की किसी भी नीतियों या मानकों का उल्लंघन नहीं करता है.

कंपनी की जानकारी, भले ही व्यावसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल की जाती हो, उसे कॉर्पोरेट संचार द्वारा समीक्षा के बाद ही केवल अधिकृत Air Products प्रवक्ता के द्वारा ही पोस्ट किया जाना चाहिए.

इसी तरह, यदि आप व्यावसायिक नेटवर्किंग साइटों का उपयोग कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखें कि आप अपने रीज़्यूमे, बायोडेटा, व्यावसायिक प्रोफाइल, पत्राचार, या अन्य संचार के भाग के रूप में किसी भी संवेदनशील, व्यक्तिगत, स्वामित्व, या गोपनीय जानकारी को प्रकट नहीं कर रहे हैं.



**मैंने Air Products वित्तीय प्रदर्शन के बारें में एक ऑनलाइन व्यापार समुदाय साइट पर पोस्टिंग में व्यक्त किए गए कुछ विचार देखे हैं. उनके विचारों में कई तथ्यात्मक त्रुटियों के साथ–साथ प्रबंधन के बारे में गलत मान्यताएँ शामिल हैं. क्या मुझे त्रुटियों को ठीक करना चाहिए और अधिक सकारात्मक टिप्पणियों के साथ जवाब देने के लिए पोस्ट करना चाहिए?**

नहीं, जब तक आप Air Products के एक अधिकृत प्रवक्ता न हों तब तक आपको सुधारों या किसी दूसरी टिप्पणियों का जवाब या उन्हें प्रकाशित नहीं करना चाहिए. मूल पोस्टिंग Air Products के सामाजिक मीडिया मानक का उल्लंघन हो सकती है, अगर इसे लिखने वाला व्यक्ति कोई ऐसा कर्मचारी था जिसे Air Products की ओर से बात करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है. आपको इस साइट के बारे में विचार करने के लिए कॉर्पोरेट संचार को सूचना देनी चाहिए. यह संगठन निर्धारित करेगा कि क्या वह प्रतिक्रिया उचित है या नहीं और क्या कार्रवाई करनी चाहिए.

# हमारे उद्योग के भीतर संवाद करना



## एकाधिकार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून

हम अपने कर्मचारियों से संयुक्त राज्य के एकाधिकार विरोधी कानूनों के "पत्र और भावना" और ऐसे दूसरे देशों या देशों के समूह के प्रतिस्पर्धा कानूनों, जिनके कानून हमारे व्यापार पर लागू होते हैं, का पालन करने की अपेक्षा रखते हैं. इसका मतलब है कि कानून द्वारा स्पष्ट रूप से परिभाषित परिस्थितियों के साथ ही अधिक जटिल और अस्पष्ट परिस्थितियों में कानूनों के आशय का पालन करना. यदि कोई कर्मचारी अभी भी अनिश्चित है कि कोई कार्रवाई कानून का उल्लंघन करेगी या नहीं, तो उसे विधि समूह से परामर्श लेना चाहिए. Air Products एक स्वतंत्र और खुले प्रतिस्पर्धी बाजार में अपने उत्पादों और सेवाओं की खूबियों के माध्यम से सफल होता है. किसी भी कर्मचारी को यह नहीं मान लेना चाहिए कि लाभ के लिए हमेशा गैरकानूनी कार्रवाईयों की आवश्यकता होती है या उसका औचित्य होता है.

व्यापार प्रतिस्पर्धा एक ठोस अर्थव्यवस्था की आधारशिला होती है, और एकाधिकार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून बाजार की स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं. सामान्यतः, एकाधिकार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून ऐसे समझौतों या कार्रवाइयों का निषेध करते हैं, जो व्यापार को नियंत्रित या प्रतिस्पर्धा को कम कर सकते हैं. इनमें से कुछ कानून प्रतिस्पर्धियों के बीच कुछ ऐसे समझौतों और सहमतियों को बनाते हैं जो स्वाभाविक रूप से अवैध होते हैं. इसका मतलब है कि साफ–साफ इन्हें प्रतिबंधित किया गया है और किसी भी तरीके इनका बचाव नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता है. सहमतियाँ या समझौते प्रतिकूल रूप से प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करते हैं या नहीं, इस पर विचार नहीं किया गया है; इसके बजाय इसे अवैध माना जाता है. उदाहरण के लिए, स्वाभाविक उल्लंघनों में प्रतिस्पर्धियों के बीच निम्नलिखित कार्यों के लिए समझौते शामिल होते हैं: 1) कीमतों या शर्तों को निर्धारित या नियंत्रित करना, 2) कुछ आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों का बहिष्कार करना, 3) उत्पादों, क्षेत्रों या बाजार को आवंटित करना या 4) उत्पादों के उत्पादन और बिक्री को सीमित करना.

एकाधिकार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून जटिल और व्याख्या करने में मुश्किल होते हैं, और वे कॉर्पोरेट गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला पर लागू होते है. उल्लंघन करने पर गंभीर सिविल और आपराधिक धाराएँ लग सकती हैं. यहाँ तक कि उल्लंघन का आरोप भी कंपनी के लिए हानिकारक और विघटनकारी हो सकता है. कंपनी के वाणिज्यिक कार्यों के प्रभावित होने की स्थिति में कर्मचारियों से बहुत देखभाल और ध्यान देने की उम्मीद की जाती है.

**एक व्यापार संघ की मीटिंग में, हमारे प्रतियोगियों में से एक के प्रतिनिधि ने मुझसे एक ऐसे निश्चित क्षेत्र जहाँ दोनो कंपनियों को और अधिक उत्पादों की जरूरत है, में एक उत्पादन सुविधा को संयुक्त रूप से बनाने के एक विचार के साथ संपर्क किया है. यह हर व्यक्ति के वित्तीय हित में होगा. क्या मुझे इस बारे में आगे उससे बात करना चाहिए?**

यह ऐसा निर्णय नहीं है जिसे आप अकेले कर सकते हैं. संयुक्त उत्पादन का यह प्रयास कानूनी होगा या नहीं, यह एक प्रश्न है जिसके बारे में सावधानी से विचार करने की आवश्यकता है. आप के साथ इसकी समीक्षा करने के लिए आपको हमारे विधि समूह से संपर्क करना चाहिए.

## प्रतिस्पर्धी से संबंध

प्रतिस्पर्धियों के साथ संपर्क, जैसे कि कुछ व्यापार संघ की बैठकों और गतिविधियों या संयुक्त व्यापार या अनुसंधान के उपक्रम की चर्चा के रूप में वैध व्यापार प्रयोजनों में सहायक हो सकता है. और हम कुछ मामलों में, हम अपने प्रतिस्पर्धियों से खरीदते है और/या उन्हें बेचते हैं, इसीलिए वैध व्यापार लेनदेन का होना आवश्यक है. हालांकि, कर्मचारियों को उनके संपर्कों में प्रतिस्पर्धियों के साथ सावधान रहना चाहिए, क्योंकि कुछ जानकारी उन्मुक्त रूप से आदान–प्रदान नहीं की जा सकती है. जब आपको कोई भी संदेह हो कि कोई लेन–देन या संहिता का पालन कंपनी नीति के साथ संगत है या नहीं, या इस प्रकार के किसी संयुक्त व्यापार या अनुसंधान उद्यम पर विचार करते समय, आपको मार्गदर्शन के लिए हमारे विधि समूह से परामर्श करना चाहिए.

## प्रतिस्पर्धी जानकारी प्राप्त करने के उचित तरीके

बाजार अनुसंधान—प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों, योजनाओं और रणनीतियों को समझने की कोशिश करना—एक अच्छे व्यापार का हिस्सा है. यह जानकारी कई कानूनी स्रोतों से एकत्रित की जा सकती है, लेकिन वहाँ स्पष्ट सीमाएँ होती हैं. प्रतिस्पर्धियों की गोपनीय जानकारी का अनुचित अधिग्रहण या उपयोग करने के गंभीर कानूनी और व्यापारिक परिणाम हो सकते हैं. उदाहरण के लिए, कई देशों के कानून अनुचित तरीके से व्यापार रहस्यों को प्राप्त करने या किसी अन्य को देने वाले व्यक्तियों या संगठनों के लिए कई गंभीर आपराधिक दंड अधिरोपित करते हैं.



**एक निश्चित क्षेत्र में मेरी जानकार प्रतिस्पर्धी प्रतिनिधि ने सुझाव दिया है कि, शायद अनावश्यक कम मार्जिन से हम दोनों दुखी हैं. उसने कहा है कि उस क्षेत्र में हर बड़े ग्राहकों से हम में से कौन व्यापार प्राप्त करेगा, इस पर सहमति बनाते हुए हम हमारे जीवन को आसान बना सकते हैं. मुझे इसका जवाब कैसे देना चाहिए?**

इस प्रकार का अनुबंध गैर कानूनी होगा, यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं कि अनैतिक भी और इसके कानूनी परिणाम गंभीर हो सकते हैं. इस पर अपने स्पष्ट विचार व्यक्त करने के लिए आपको अपनी असहमति व्यक्त करना चाहिए. आप नहीं चाहते हैं कि कोई भी इस स्थिति में हो कि सुझाव दे कि आप अपनी कार्रवाइयों से सहमत हैं, भले ही आपने "हाँ" नहीं कहा हो. इसके बारे में हमारे विधि समूह को सूचित किया जाना चाहिए.

# अंतर्राष्ट्रीय कानून

## बहिष्काररोधी कानून

कुछ सरकारें किसी दूसरे देश की सरकार या उनके व्यापार के साथ सौदा करने का मना करती हैं. वे बहिष्कार करने के लिए किसी देश को लक्षित करते हैं और ऐसा ही दूसरों से करवाने का प्रयास करते हैं. लक्षित देशों के साथ व्यापार का बाहर के ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा बहिष्कार करवाकर ये सरकारें उनके बहिष्कार को मजबूत करने का प्रयास करती हैं. बहिष्कार कर रहा देश स्वयं उनके देश में व्यापार करने की शर्त के रूप में बाहर के देशों पर लक्षित देश का बहिष्कार करने का दबाव बनाती है. संयुक्त राज्य अमेरिका के ऐसे कानून और अधिनियम हैं, जो आमतौर पर संयुक्त राज्य सरकार द्वारा असमर्थित बहिष्कारों के साथ सहयोग करने से संयुक्त राज्य की कंपनियों और उनकी विदेशी और घरेलू सहायक कंपनियों को रोकते हैं. जब वे लिखित या मौखिक रूप से इस तरह के बहिष्कार का समर्थन करने के लिए अनुरोध प्राप्त करते हैं, तो ये कानून संयुक्त राज्य की सरकारी एजेंसियों को आवश्यक रूप से सूचना देने के लिए कंपनियों को कहता है. इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को संचालित करने वाले कुछ स्थानीय कानून अतिरिक्त कार्याधीन होते हैं. इसका मतलब है कि कोई देश स्वयं अपने कानूनों की सीमाओं से परे कानून लागू कर सकता है. इसलिए यदि Air Products किसी दूसरे देश के बहिष्काररोधी कानूनों का उल्लंघन करता है, तो यह इसके प्रति जवाबदेह हो सकता है. इस प्रकार की परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय कानून कैसे लागू होते हैं इसके बारे में यदि आप अनिश्चित हैं तो हमेशा मार्गदर्शन के लिए विधि समूह से परामर्श करें. उल्लंघनों के कारण आपराधिक एवं नागरिक दंड और कर लाभ में हानि हो सकती है.

## आयात/निर्यात कानून

वैश्विक आयात और निर्यात कानूनों के लिए सटीक वर्गीकरण, मूल्यांकन, लायसेंस निर्धारण, अंतिम–उपयोगकर्ता/अंतिम–उपयोग स्क्रीनिंग, रिकॉर्ड रखने, समय पर दाखिल करने और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के परे वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों को चिह्नित करने की आवश्यकता होती है. उत्पत्ति स्थान, वर्गीकरण, या हमारी कई वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों के दोहरे–उपयोग की प्रकृति के साथ ही हमारे ग्राहकों की पहचान जैसे कारकों के आधार पर वस्तुओं की आवश्यक लायसेंसिंग, निर्यात, आयात या पुनः निर्यात के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य सरकारों द्वारा प्रतिबंधित किया जा सकता है. "व्यापार प्रतिरोध" नामित देशों को निर्यात और पुनः–निर्यात करना, अमेरिकी कानून या निर्यातक देश के अधिकार क्षेत्र के तहत निषिद्ध किया गया है. उल्लंघन करने पर आपराधिक और नागरिक दंड और निर्यात या आयात विशेषाधिकारों की हानि हो सकती है.

## क्या आप जानते हैंः

**विनियम परिवर्तन:** कुछ देशों में सरकारी अधिकारियों को उनके कार्य जैसे परमिट या लायसेंस शीघ्रता से जारी करने के लिए प्रेरित करने हेतु सुविधा भुगतान के लिए अनुरोध किया जाता है. जबकि अतीत में कुछ मामलों में इन भुगतानों की अनुमति दी गई हो सकती है, Air Products के कर्मचारियों द्वारा आम तौर पर किसी भी विदेशी अधिकारी को सुविधा भुगतान करना निषिद्ध किया गया है. ऐसा कोई भी सुविधा भुगतान करने से पहले आपको विधि समूह या अपने प्रबंधक से मार्गदर्शन लेना चाहिए.

**मैंने Air Products के लिए केवल एक आपूर्ति बोली जीती है, लेकिन अनुबंध के मसौदे में एक प्रावधान की आवश्यकता है कि अनुबंध के चलते हम कुछ निश्चित देशों के घटकों या लोगों का उपयोग नहीं करने के लिए सहमत हैं. हमें उस देश की किसी चीज की उपयोग की आवश्यकता नहीं है, लेकिन क्या इस पर हस्ताक्षर करना अमेरिका बहिष्काररोधी कानून के विरूद्ध है?**

विधि समूह द्वारा इस अनुबंध (और किसी भी अनुबंध) की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है. इस स्थिति में, सभी दस्तावेजों में निहित बहिष्कार भाषा को हटाया जाना चाहिए या उचित रूप से संशोधित किया जाना चाहिए. इन विवरणों को कभी भी मौखिक समझौते के साथ बदला नहीं जा सकता है, इसलिए ग्राहक से बातचीत के दौरान सावधान रहें.

# वैश्विक घूसखोरी–विरोधी एवं भ्रष्टाचार व्यवहार कानून

एक अमेरिकी कंपनी के रूप में, Air Products को अमेरिकी विदेशी भ्रष्टाचार व्यवहार अधिनियम (FCPA) का अनुपालन करना आवश्यक है. यह अधिनियम विदेशी अधिकारियों, राजनीतिक दलों, या विदेशी राजनीतिक कार्यालय के उम्मीदवारों को कुछ प्राप्त करने, रखने, या प्रत्यक्ष व्यापार करने के लिए भुगतान और किसी भी मूल्यवान वस्तु के लिए भुगतान को प्रतिबंधित करता है. और यह दावा करना कि हमें गलत कार्यों की जानकारी नहीं है, इसे बचाव के रूप में नहीं लिया जाएगा, जहाँ परिस्थितियों को इसके बारे में आपको यथोचित रूप से आगाह किया जाना चाहिए था. जब ज्यादातर लोग यह समझते हैं कि इस तरह के भुगतान निषिद्ध प्रयोजनों के लिए दिए जा रहे हैं, तो मध्यस्थों जैसे कि बिक्री एजेंट और सलाहकार के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भुगतान किया जाना भी गैरकानूनी हैं.

कुछ निषिद्ध कार्रवाइयों के अलावा, कंपनी की विदेशी सहायक कंपनियों द्वारा किसी भी भुगतान के संबंध में इसके द्वारा आंतरिक लेखांकन नियंत्रण और अभिलेख रखना भी कानूनन आवश्यक है.

इस कानून द्वारा प्रस्तुत किए मुद्दें उससे भी अधिक जटिल होते हैं, जैसे वे पहली बार में दिखाई दे सकते हैं. उदाहरण के लिए, यद्यपि हो सकता है कि आप एक विदेशी सरकार के स्वामित्व वाले व्यवसायों के कर्मचारियों को शामिल करने के लिए शब्द "विशेष अधिकारी" पर विचार न करें, कानून आम तौर पर उन्हें "विशेष अधिकारी" के रूप में मानेगा. चीजों को और अधिक जटिल बनाने के लिए कानून में कुछ अपवाद मौजूद होते हैं. इन कारणों और अन्य किसी कारण के लिए, इस कानून का अनुपालन करने के संबंध में उत्पन्न हुए मुद्दों की जटिलताओं के लिए विधि समूह की सहायता आवश्यक है.

पश्चिमी यूरोप और एशिया में कई प्रमुख औद्योगिक देशों सहित अन्य देशों में इसी तरह के कानून होते हैं या संचालित होते है. हाल ही के उदाहरणों में ब्रिटेन और चीनी जनवादी गणराज्य के कानून शामिल हैं. इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय कानून दोनों लागू हो सकते हैं—कुछ कानून जैसे कि अमेरिकी विदेश भ्रष्टाचार व्यवहार अधिनियम और ब्रिटेन घूसखोरी अधिनियम 2010 जैसे कानून, राज्य–क्षेत्रातीत होते हैं; अर्थात वे विदेशों में प्रतिबद्ध घूसखोरी के अधिनियमों को लागू करने के लिए उनके स्वयं के देशों की सीमाओं से परे जाते हैं. इस प्रकार के कई कानून "सार्वजनिक अधिकारी" या "भ्रष्ट आचरण" की एक व्यापक परिभाषा को लागू करते हैं और अगर भ्रष्टाचार और घूसखोरी के बारे में स्थानीय रीति या व्यवहार को संदेहास्पद व्यक्त करते हैं, तो अवहेलना की जानी चाहिए. कानून को हमेशा वरीयता दी जाती है. लाभ या व्यापार की सुलभता के लिए भी हमें हमारी सत्यनिष्ठा का कभी भी त्याग नहीं करना चाहिए.

उदाहरण के लिए, ब्रिटेन घूसखोरी अधिनियम 2010, में अपराध की दो व्यापक श्रेणियों शामिल हैं—व्यापार से जुड़ें लेन–देन में जिसमें या सरकारी अधिकारी या फिर निजी पार्टियाँ शामिल हों—किसी लाभ की पेशकश करना, वादा करना या देना, और किसी लाभ के लिए अनुरोध करना, प्राप्त करने के लिए सहमति देना, या स्वीकार करना. लेकिन अधिनियम अपने आप में ही जटिल होते हैं, और कारावास और असीमित जुर्माने सहित कानूनी नतीजे गंभीर हो सकते हैं. अधिनियम के तहत, कंपनियों द्वारा व्यापारिक वरीयता के लिए न केवल रिश्वत या अन्य अनैतिक व्यवहारों को अस्वीकार करना आवश्यक है बल्कि भ्रष्टाचार और घूसखोरी को रोकने के लिए पर्याप्त उपायों को भी अपने यहाँ लागू करना आवश्यक है. विदेशी भ्रष्टाचार व्यवहार अधिनियम के विपरीत, ब्रिटेन घूसखोरी अधिनियम 2010 सुविधा भुगतान की अनुमति नहीं देता है, जिनका कुछ देशों में सरकारी अधिकारियों को परमिट्स या लाइसेंस जारी करने जैसे उनके कार्य को निष्पादित करने के लिए प्रेरित करने हेतु कभी कभी

**एक विकासशील देश में Air Products के साथ अनुबंध की गई परियोजना के लिए निर्माण परमिट्स प्राप्त की मेरी जिम्मेदारी है. स्थानीय उप ठेकेदारों में से एक ने मुझसे कहा है कि प्रक्रिया को गतिशील बनाने के लिए परमिट्स जारी करने वाले प्रशासनिक कार्यालय प्रतिनिधि को एक छोटा, अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना उस क्षेत्र में व्यावहारिक व्यापार प्रथा है, और यदि मैं ऐसा नहीं करता हूँ तो कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया में कई सप्ताह लगेंगे और हमारी संपूर्ण समयसीमा विलंबित होगी. मुझे क्या करना चाहिए?**

सलाह के लिए आपको विधि समूह से परामर्श लेना चाहिए, स्थानीय व्यापार व्यवहार में शुल्क की राशि या इस तरह के लेनदेन की लोकप्रियता के बावजूद, इस प्रकार के भुगतान कुछ कानूनों के अंतर्गत रिश्वत देने के रूप में विश्लेषित हो सकते हैं. कई ऐसे देशों में जहाँ Air Products व्यापार करता है, रिश्वत–रोधी और भ्रष्टाचार रोधी कानून होते हैं, इनमें से कुछ राज्य–क्षेत्रातीत हो सकते हैं. इसका मतलब है कि कानून तब भी लागू होते हैं जबकि उस देश में जहाँ कानून प्रभावी है, की सीमा के पार लेनदेन किया जाता है. हमें कभी भी ऐसे लेनदेनों में नहीं उलझना चाहिए जिन्हे कि रिश्वत या भ्रष्टाचार माना जा सकता है, भले ही अस्वीकार करने से, आपकी योजनाओं में देरी या आपका लाभ प्रभावित हो सकता है.




अनुरोध किया जाता है. जबकि हो सकता है कि अतीत में ये भुगतान करने की कुछ मामलों में अनुमति दी गई हो, Air Products के कर्मचारियों और अन्य संबंधित पार्टियों को, बहुत ही असाधारण मामलों में छोड़कर विधि समूह से पूर्व अनुमोदन के बिना किसी भी विदेशी अधिकारी को सुविधा भुगतान करने से मना किया गया है.

कुछ परिस्थितियों के अंतर्गत, Air Products को उसकी ओर से कार्य कर रहे तृतीय–पक्षों या "संबंधित पार्टियों" द्वारा की गई कार्रवाई के लिए घूसखोरी का दोषी पाया जा सकता है. संबंधित पार्टियों में, हमारी ओर से कार्य कर रहे संयुक्त उपक्रम भागीदार, एजेंट, वितरक, बाह्य सेवा प्रदाताओं के कर्मचारी, या उप–ठेकेदार शामिल होते हैं जो हमारी ओर से सेवाएँ निष्पादित करते हैं. यह महत्वपूर्ण है कि Air Products के कर्मचारी किसी भी संदिग्ध व्यवहार या घटनाओं के लिए सतर्क रहें और कॉर्पोरेट जोखिम कार्यालय, विधि समूह, या अपने प्रबंधक को उनकी सूचना दें.

Air Products कर्मचारी के रूप में, आपको हमेशा वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए मौजूदा नीतियों से परिचित होना चाहिए. आपको नैतिक आचरण का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, संबंधित भूमिका या पद के आधार पर प्रशिक्षण पूरा करने, या भ्रष्टाचार या बेईमानी की छाप मिटाने की भी आवश्यकता हो सकती है. अगर आपको कोई स्थिति स्पष्ट नहीं हैं, तो आपके प्रबंधक या पर्यवेक्षक या विधि समूह आपकी सहायता कर सकते हैं. आपको इस महत्वपूर्ण कानूनी क्षेत्र पर प्रश्न पूछने या चिंता व्यक्त करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए.

अपने स्वदेश से बाहर व्यापार करने से पहले, आप के लिए उन देशों के कानूनों और नीतियों का कार्यानुभव होना आवश्यक है, जिसमें आप व्यापार करने जा रहे हैं. यदि आपके किसी भी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामले के बारे में प्रश्न हैं, तो कृपया विधि समूह से संपर्क करें.

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें

# वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग सटीकता



सत्यनिष्ठा के लिए हमारी प्रतिष्ठा हेतु ईमानदारी और सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग करना बुनियादी है. हमारे वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग नियम अमेरिकी कानून द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं. Air Products, 40 से अधिक देशों में संचालित होने वाली एक वैश्विक कंपनी है. इसी तरह से, इसका वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग भी स्थानीय सांविधिक आवश्यकताओं के द्वारा संचालित होती हैं. अमेरिकी कानून, स्थानीय सांविधिक आवश्यकताओं और Air Products की नीतियों सभी के लिए ईमानदार और सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग करना आवश्यक है.

ईमानदारी से रिपोर्टिंग, का मतलब सभी दस्तावेजों में एक पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर, और समझने योग्य प्रकटीकरण करना है. Air Products अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग के साथ पूर्ण वित्तीय रिपोर्ट दर्ज करता है और अन्य सार्वजनिक बयानों और संचारों में वित्तीय सारांश जारी करता है. यह जरूरी है कि, कानून और निवेशक की अपेक्षाओं का पालन करने के लिए हमें अनुमति देने हेतु इन बयानों का सटीक और सच्चा होना आवश्यक है.

हमारे व्यापार और संचालन के लिए अच्छे निर्णय करने में, सटीक रिपोर्टिंग हमारी मदद भी करती है, और यही हमारी सतत व्यापार सफलता भी मांग करती है.

कर्मचारियों को सभी व्यापार अभिलेखों (खाते, चालान, यात्रा और मनोरंजन व्यय रिपोर्ट, वेतन, रिपोर्ट्स, और पुस्तक) को सटीकता के साथ तैयार करना चाहिए और समय पर तरीके से सभी वित्तीय लेनदेन को अभिलेखित करना चाहिए. वित्तीय लेनदेनों को Air Products की वित्त नीतियों एवं मानकों और स्थानीय शर्तों एवं लेखांकन नियमों जो भी उपयुक्त हो, के अनुसार अभिलेखित होना चाहिए.

**मेरे बॉस ने मुझसे कुछ आँकड़ों को कम–ज्यादा करने के लिए कहा है ताकि इस तिमाही के लिए हमारे परिणाम बेहतर लगे, और फिर अगले तिमाही के लिए इसे ठीक करने के लिए कहा है. उसने संकेत दिया है कि अगर मैं ऐसा नहीं करता हूँ, तो मेरी नौकरी खतरे पड़ सकती है. मुझे यह सही नहीं लग रहा है, लेकिन मुझे डर लगता है. मुझे क्या करना चाहिए?**

आप सही काम करें–सटीक और समय पर रिपोर्टिंग करना कानून में है. आपको रोजगार विषयक धमकिया देना या अनैतिक आचरण के लिए कर्मचारियों को धमकाने का प्रयास करना, किसी भी वजह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आपको इस प्रकार की बातचीत की सूचना अपने प्रबंधक के पर्यवेक्षक को देनी चाहिए या प्दजमहतपजलस्पदम को कॉल करना चाहिए.


यहाँ कुछ अन्य आवश्यकताएँ हैं:

- विस्तृत दस्तावेजीकरण के द्वारा हमारी बहिखाता प्रविष्टियों को सिद्ध करना
- संख्याओं श्रेणियों, समय, या अन्य विवरणों सहित किसी भी झूठे या जानबूझकर भ्रामक प्रविष्टियों से बचना
- हमारे मानक अभ्यासों से अनुसार, खातों की समय पर मिलान सहित कॉर्पोरेट राशि और खातों का रखरखाव करना
- केवल दस्तावेजीकरण में पूर्ण और सटीक तरीके से वर्णित किए गए किसी उद्देश्य के लिए ही खातों और राशि का उपयोग करना

## रिपोर्टिंग

स्थानीय रिपोर्टिंग नंबर्स और निर्देशों के लिए www.airproducts.com/integrityline पर जाएँ.

www.airproducts.com/integrityonline पर ऑनलाइन सूचना दें



# बोर्ड की जिम्मेदारियाँ और छूटें

निदेशक मंडल ने आचार संहिता को अपनाया है, और केवल मंडल ही संहिता में संशोधन का अनुमोदन कर सकता है. दुर्लभ परिस्थितियों में, मुख्य अनुपालन अधिकारी निर्धारित कर सकता है कि आचार संहिता के किसी हिस्से को हटाना उपयुक्त है. कंपनी के कार्यकारी अधिकारी (जैसे कि निदेशक मंडल द्वारा मनोनित किए गए हैं) पर लागू होने वाले संहिता के आवेदन की कोई भी छूट, हालांकि केवल निदेशक मंडल के कॉर्पोरेट शासन और नामांकन समिति द्वारा ही दी जा सकती है. ऐसी सभी छूटों का कंपनी के शेयरधारकों के लिए तुरंत खुलासा किया जाएगा.

Air Products के पास आचार संहिता के उल्लंघनों या संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देने या चिंताओं को व्यक्त करने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं. कुछ देशों में कानून प्रक्रियाओं, उपकरणों और/या आचार संहिता के उल्लंघनों की रिपोर्टिंग की स्वीकार्य श्रेणियों को निर्दिष्ट या सीमित करते है. कृपया स्थानीय कानून द्वारा दी गई अनुमति अनुसार उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करें.

संपर्क सूची www.airproducts.com/codeofconduct पर मिल सकती है.

ऑनलाइन रिपोर्टिंग www.airproducts.com/integrityonline पर उपलब्ध है.

टेलीफोन रिपोर्टिंग निर्देश निम्न पर वर्णित हैं www.airproducts.com/integrityline.

**अधिक जानकारी के लिए,**
**हमसे निम्न पते पर संपर्क करें:**

**Corporate Headquarters**

Air Products and Chemicals, Inc.
7201 Hamilton Blvd.
Allentown, PA 18195-1501
T 610-481-4911
F 610-481-5900

**Regional Head Offices**

Air Products PLC
Hersham Place Technology Park
Molesey Road
Hersham
Walton-on-Thames
Surrey KT12 4RZ
UK
T +44-1932-249200
F +44-1932-249565

Air Products Chemicals Europe B.V.
Kanaalweg 15, Bo• 3193
3502 GD Utrecht
Netherlands
T +31-30-2857100
F +31-30-2857111

Air Products Asia, Inc.
2503-5, 25/F
148 Electric Road, North Point
Hong Kong
T +852-2527-1922
F +852-2527-1827

Air Products Asia, Inc.
2 International Business Park
#03-32 The Strategy
Singapore 609930
T +65-6494-2240
F +65-6334-1005

Air Products and Chemicals (China)
Investment Co. Ltd.
East Wing, Floor 1
Building #88, Lane 887
Zu Chongzhi Road
Zhangjiang Hi-Tech Park
Shanghai, 201203
P.R. China
T +86-21-38962000
F +86-21-50805555

मुझे और बताएँ
airproducts.com

© Air Products and Chemicals, Inc., 2017 (37920) 900-12-010-HI-May17